


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। मंगलवार 23 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 193 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## कन्नौज से अखिलेश यादव नहीं तेज प्रताप लड़ेंगे लोकसभा चुनाव





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार कन्नौज लोकसभा सीट पर सपा उम्मीदवार को लेकर चल रहा सस्पेंस सोमवार को समाप्त हो गया। समाजवादी पार्टी की नई लिस्ट से यह साफ हो गया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव इस सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे। यहां से उन्होंने तेज प्रताप यादव को मौका दिया है। हालांकि अभी भी यह सीट यादव परिवार के पास ही है।

तेज प्रताप यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के भाई के पोते हैं। उनकी शादी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की छोटी बेटी राजलक्ष्मी के साथ हुई थी। उन्होंने 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और सपा को जीत दिलाई थी। अब इस सीट पर अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव लड़ रही हैं। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी ने सोमवार को उम्मीदवारों की नई सूची जारी की है, इसमें दो सीटों के उम्मीदवारों के नाम हैं। पहला नाम, बलिया से सनातन पांड्ये का है। वह वर्ष 2019 के चुनाव में भी सपा और बसपा गठबंधन की ओर से सपा से उम्मीदवार थे। उन्होंने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 469114 मत मिले थे, वहीं सपा के सनातन पांडेय को 453595 मत प्राप्त हुए थे। हार का अंतर मात्र 15519 मत का था।






# गाजियाबाद में मतदान के लिए संभाल ली है पंजाब और मणिपुर की स्पेशल फोर्स ने कमान

## 841 मतदान केंद्र 3197 मतदेय स्थल पर होगी अर्धसैनिक बलों की भी तैनाती

## सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहेंगे सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, पीएसी और सीआईएसएफ के जवान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट में लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान होना है। मतदान को लेकर पुलिस-प्रशासन और चुनाव आयोग के निर्देश पर अंतिम तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में सभी अर्धसैनिक बलों और बाहर से आए फोर्स के शीर्ष अधिकारियों के बीच शांतिपूर्वक मतदान कराने और अधिकारियों की ड्यूटी चार्ट के साथ बैठक हो गई है।

इसी के साथ गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन में पंजाब पुलिस के साथ ही मणिपुर पुलिस भी चुनावी ड्यूटी में मुस्तैद है। तो वहीं केंद्रीय सुरक्षा बलों के रूप में आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ के जवानों के साथ ही पीएसी को भी तैनात कर दिया गया है।

जो प्रतिदिन अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पुलिस के अधिकारियों के साथ पैदल गश्त और रूट मार्च निकाल रहे हैं ताकि 26 अप्रैल को शांतिपूर्वक मतदान कराया जा सके।



### क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदेय स्थल पर अधिक रहेगा फोकस : डीसीपी ग्रामीण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देहात जोन के डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया है कि शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए देहात क्षेत्र पर अधिक फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि देहात जोन के अंदर आने वाली लोनी विधानसभा में क्रिटिकल मतदेय स्थल की संख्या 95 और वल्नरेबल मतदेय स्थल की संख्या की बात करें तो 36 है। इसी के साथ क्रिटिकल मतदेय स्थल मुरादनगर विधानसभा सीट पर 73 है। वहीं गाजियाबाद लोकसभा सीट की बात की जाए तो यहां क्रिटिकल मतदेय स्थल की संख्या 437 और वल्नरेबल 71 की संख्या में मौजूद हैं। डीसीपी विवेक यादव ने बताया है कि चुनाव को शांति के साथ पूरा करने के लिए प्रतिदिन पैदल गश्त और ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है।



### हर मतदान केंद्र पर है अर्धसैनिक बलों की तैनाती

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने करंट क्राइम को जानकारी दी है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर जो सिटी जोन के अंतर्गत आते हैं वहां अर्ध सैनिक बलों की तैनाती रहेगी। जिसमें विशेष तौर पर आइटीबीपी, बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और पीएसी के जवानों को लगाया जाएगा। वहीं प्रतिदिन अब फ्लैग मार्च भी करवाया जा रहा है।



# लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की पीठ थपथपा गये डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या

**भीड़ से गदगद डिप्टी सीएम ने जब मंच से कहा आपके चहेते और क्रान्तिकारी विधायक हैं**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा का चुनाव है और प्रचार अपने चरम पर है। लोकसभा में भी विधानसभा का जलवा है लोकसभा का चुनाव है और मंडल वाले भी मेहनत कर रहे हैं। लोकसभा का चुनाव है और कार्यकर्ता बूथ पर भी पसीना बहा रहे हैं। मेहनत का जब फल मिलता है तो जाहिर तौर पर ये सभी को अच्छा लगता है। लोनी में जब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या आये तो यहां वो जनसभा में भीड़ से गद्गद् नजर आये और वो इस जनसभा के मंच से लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर को सबके चहेते विधायक और क्रान्तिकारी विधायक बता गये। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने लोनी वाली जनसभा में लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ये चहेते और क्रान्तिकारी हैं तभी तो क्षेत्र की जनता ने लगातार दूसरी बार विधायक बनाया है। क्षेत्र की जनता ने इन्हें विधानसभा में भेजा है। इतना ही नहीं डिप्टी सीएम ने जनसभा की सफलता और जनसैलाब देखकर विधायक नन्द किशोर गुर्जर की पीठ भी थपथपाई।



### बोले डिप्टी सीएम जब मैं था प्रदेश अध्यक्ष तब नन्द किशोर थे जिलाध्यक्ष



**करंट क्राइम।** लोनी में जनसभा आयोजित हुई तो यहां विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने पूरी कमान संभाली। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या जब मंच पर आये तो उन्हें पुराने दिन याद आये। उन्होंने मंच से कहा कि जब मैं प्रदेश अध्यक्ष था तब नन्द किशोर गुर्जर भाजपा के जिलाध्यक्ष थे। उन्होंने याद दिलाया कि मेरी पहली ग्राम चौपाल के लिए मैं गाजियाबाद आया था। मुझे तभी लग गया था कि गाजियाबाद और लोनी का भविष्य उज्जवल है।

### हर बूथ पर कमल खिलाना है और भाजपा को जिताना है



करंट क्राइम। लोनी विधानसभा में जनसभा हुई और यहां मंच से तय हुआ कि हर बूथ पर हमें कमल खिलाना है और भाजपा को जिताना है। वैसे भी इस बार पार्टी ने एक विधायक को लोकसभा का टिकट दिया है तो यहां का हर विधायक खुद को लोकसभा के निकट मान रहा है। सभी विधायक अपनी अपनी विधानसभा में पूरा जोर लगा रहे हैं। लोनी वाली जनसभा में भी भीड़ से लेकर बड़ी माला के फ्रेम तक सबकुछ मजबूत नजर आया। इस मंच पर पूर्व राज्यसभा सासंद अनिल अग्रवाल, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, मान सिंह गोस्वामी, बसंत त्यागी, अनिल कसाना, अजय शर्मा सहित कई चेहरे मौजूद थे। सभी ने लोनी के हर बूथ पर लोकसभा का कमल खिलाने का संकल्प लिया।

**भारत निर्वाचन आयोग एवं उ.प्र. शासन लखनऊ ने जारी किए आदेश**

# गाजियाबाद लोकसभा सीट 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

### किसी भी व्यवसाय तथा औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारी सभी पर होगा लागू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा उद्घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र संख्या 337/सी.ई.ओ.-2 दिनांक 17 मार्च, 2024 और इसी क्रम में प्रमुख सचिव, श्रम उ.प्र. शासन, लखनऊ द्वारा अपने पत्र संख्या 669/36-3-2024-02 (सा.) / 2014 टी.सी. श्रम अनुभाग 3, दिनांक 27 मार्च, 2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए जनपद गाजियाबाद में द्वितीय चरण में दिनांक 26 अप्रैल, 2024 मतदान निर्धारित है। शासन द्वारा उपर्युक्त निर्देश पत्र में यह भी अवगत कराया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का प्रावधान है।

### उत्तर प्रदेश शासन ने जारी किए निर्देश



लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135ख में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपर्युक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने और अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिए जाने का उल्लेख है। उक्त के अतिरिक्त प्रमुख सचिव, श्रम उ.प्र. शासन, श्रम अनुभाग 3 द्वारा पत्र सं. 670/36-3-2024-02 (सा.) / 14 टी.सी. दिनांक 27 मार्च, 2024 के द्वारा अधिसूचना निर्गत करते हुए मतदान के वास्तविक दिन के लिए जनपदों में स्थित दुकानों और वाणिज्य अधिष्ठानों में उ.प्र. दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 की धारा-8 के प्रवर्तन से इस शर्त के अधीन रहते हुए लोकहित में छूट प्रदान करने का उल्लेख है कि यदि मतदान के वास्तविक दिन उस क्षेत्र में जिसमें कोई दुकान या वाणिज्य अधिष्ठान स्थित है और ऐसी दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नहीं है तो मतदान का वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

### अविरल एवं अनविरल कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान दिवस पर मिलेगा अवकाश

उपर्युक्त प्रकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्राविधानों एवं उ.प्र. शासन के निर्देशों के क्रम में जगपद गाजियाबाद के लिए लोकसभा मतदान दिवस दिनांक 26 अप्रैल, 2024 (दिन शुक्रवार) के सम्बन्ध में जनपद के समस्त कारखानों, दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के सेवायोजकों / स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि जनपद में स्थित अविरल प्रकिया वाले कारखानों में नियोजित कर्मकारों को मतदान का उपर्युक्त अवसर प्रदान करेंगे तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश रखेंगे और अगले साप्ताहिक दिवस में कर्मकारों से कार्य नहीं लेंगे।

इसी प्रकार जनपद में स्थित दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के स्वामियों द्वारा यदि मतदान के वास्तविक दिन उस क्षेत्र में स्थित दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नहीं है तो मतदान का वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश पत्र जारी करते हुए उक्त आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाने हेतु आदेशित किया।




# अलीगढ़ में बोले पीएम मोदी कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजरें अब आपकी कमाई पर




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में पीएम नरेंद्र मोदी ने जनसभा की। नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत की कमाई, आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। आपकी संपत्ति को कब्जे में लेकर बांटना चाहती है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादे से मैं देशवासियों को आगाह कर रहा हूं। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है।

उन्होंने कहा कि आज तक इन्होंने अपनी अकूत संपत्ति से देश के किसी गरीब को कुछ नहीं दिया। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है। जनता के धन को लूटना और देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। आजादी के बाद से सेना की हर खरीद में घोटाले करने वाली कांग्रेस कभी भी यहां डिफेंस कॉरिडोर नहीं बनवा सकती। भाजपा की वजह से अब हमारा उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर सेना का बहुत बड़ा हब बनने जा रहा है।

# उच्च न्यायालय के फैसले को ममता सरकार ने बताया अवैध, अपर कोर्ट में देंगी चुनौती



**कलकत्ता।** ममता बनर्जी सरकार को बड़ा झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक निर्देश जारी कर पश्चिम बंगाल में सरकारी प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया। नियुक्तियों को रद्द करने के अलावा, न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नियुक्ति प्रक्रिया की गहन जांच करने का निर्देश दिया। सीबीआई को तीन महीने के भीतर अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

पीठ ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) को नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का भी आदेश दिया। एसएलएसटी-2016 में 24,640 उपलब्ध पदों के लिए 23 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया। कुछ याचिकाकताओं का प्रतिनिधित्व करते हुए फिरदौस शमीम ने कहा कि रिक्तियों के लिए कुल 25,753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त, खंडपीठ ने आदेश पर रोक लगाने के कुछ अपीलकताओं के अनुरोध को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ ने कक्षा 9, 10 के शिक्षकों की श्रेणियों में एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित कई याचिकाओं और अपीलों पर व्यापक सुनवाई की थी।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भाजपा का खाता खुला, सूरत से मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खाते में एक सीट आ गई है। दरअसल, गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। एक अधिकारी के मुताबिक, कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद ऐसे समीकरण बने हैं। नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया।

इससे पहले भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सूरत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला कमल भेंट किया है। मैं सूरत लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं।

इस बीच कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि कुंभानी का नामांकन फॉर्म भाजपा के इशारे पर खारिज कर दिया गया। उनका कहना था कि वह इसे हाईकोर्ट में चुनौती देगी। वहीं, पार्टी ने सोमवार को दावा किया कि भाजपा एमएसएमई मालिकों और व्यापारिक समुदाय के गुस्से से डर गई है। इस वजह से उसने सूरत लोकसभा सीट पर भी 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश की। इस सीट पर भाजपा 1984 से जीतती आ रही है।

### 7 मई को होना है मतदान

गुजरात की सभी 26 सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। हालांकि, सूरत सीट का नतीजा पहले ही आ जाने के कारण 25 सीटों पर मतदान होगा। 2019 के चुनावों में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में सभी 26 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की थी।

### कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पहले ही हो चुका खारिज

बता दें कि रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद्द कर दिया था। कुम्भाणी का नामांकन रद्द होने के बाद पार्टी के वैकल्पिक उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी रद्द कर दिया था।

### इन लोगों ने वापस लिया नाम

सूरत जिला चुनाव कार्यालय के मुताबिक, मुकेश दलाल को छोड़कर सूरत से मैदान में उतरे सभी आठ उम्मीदवारों (चार निर्दलीय, तीन छोटे दलों से और बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती) ने आखिरी दिन अपना नामांकन वापस ले लिया।

# नीरज शेखर के मुकाबले सपा ने उतारा ब्राह्मण प्रत्याशी, अब बीएसपी पर टिका सियासी गेम?



**बलिया।** समाजवादी पार्टी ने बलिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सनातन पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने भूतपूर्व पीएम चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को कैंडिडेट बनाया है वहीं बसपा ने लल्लन सिंह यादव को मौका दिया है।

सनातन पांडेय ने साल 2019 में भी सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। तब उन्हें 4 लाख 53 हजार 595 वोट मिले थे। हालांकि उस चुनाव में सपा और बसपा का अलायंस था। 2019 में बीजेपी के प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह मस्त ने जीत हासिल की थी। साल 2019 के चुनाव की बात करें तो इस सीट पर सुभासपा ने भी अपना उम्मीदवार उतारा था। सुभासपा नेता विनोद को 35 हजार 900 वोट मिले थे।

बलिया लोकसभा सीट पर साल 2014 में नीरज शेखर ने सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और उन्हें 2 लाख 20 हजार 324 मत मिले थे। वहीं बीजेपी के भारत सिंह 4 लाख 59 हजार 760 वोट हासिल कर चुनाव जीत गए थे। इस साल अफजाल अंसारी ने कौमी एकता दल से बलिया लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे और उन्हें 1 लाख 63 हजार 943 मत मिले थे। वहीं बसपा के वीरेंद्र कुमार पाठक को 1 लाख 41 हजार 684 मत मिले थे। इसके अलावा कांग्रेस की सुधा राय को 13 हजार 51 वोट मिले थे।

इस सीट पर साल 1952 से चुनाव हो रहा है। पहली बार यहां से सोशलिस्ट पार्टी के राम नगीना सिंह ने जीत हासिल की थी। वहीं साल 1957 से साल 1971 तक कांग्रेस के राधा मोहन सिंह, मुरली मनोहर और चंद्रिका प्रसाद सांसद रहे। फिर साल 1977 में चंद्रिका प्रसाद ने जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। फिल साल 1980 में चंद्रशेखर ने जीत हासिल की थी। इसके बाद साल 1984 में कांग्रेस के जगन्नाथ चौधरी ने जीत हासिल की थी।

# राहुल गांधी बोले- सामने आई तानाशाह की 'सूरत'

## लोकसभा चुनाव के पहले नतीजे पर छिड़ा बवाल, कांग्रेस ने समझाई क्रोनोलॉजी



**गांधीनगर।** गुजरात की सूरत सीट से बीजेपी के उम्मीदवार मुकेश दलाल सोमवार (22 अप्रैल) को निर्विरोध चुन लिए गए। कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने के बाद उन्हें निर्विरोध चुना गया है। हालांकि, अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी प्रत्याशी की जीत पर सवाल उठाए हैं, उन्होंने इस जीत की तुलना तानाशाही से की है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। मैं एक बार फिर कह रहा हूं- यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है।

### जयराम रमेश ने बीजेपी पर साधा निशाना

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने सूरत सीट पर बीजेपी को मिली जीत को एक क्रोनोलॉजी के जरिए समझाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। आप क्रोनोलॉजी समझिए। सूरत जिला चुनाव अधिकारी ने सूरत लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभानी का नामांकन रद्द कर दिया है। कारण तीन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के सत्यापन में खामी बताया गया है। कुछ इसी तरह का कारण बताकर अधिकारियों ने सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला के नामांकन को खारिज कर दिया। कांग्रेस पार्टी बिना उम्मीदवार के रह गई है।

### डर गई है भाजपा- जयराम रमेश

उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी प्रत्याशी मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी सभी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। 7 मई 2024 को मतदान से लगभग दो सप्ताह पहले ही 22 अप्रैल, 2024 को सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार को निर्विरोध जिता दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के अन्याय काल में MSME मालिकों और व्यवसायियों की परेशानियों और गुस्से को देखते हुए भाजपा इतनी बुरी तरह से डर गई है कि वह सूरत लोकसभा के मैच को फिक्स करने का प्रयास कर रही है। इस सीट को वे लोग 1984 के लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार जीतते आ रहे हैं। हमारे चुनाव, हमारा लोकतंत्र, बाबासाहेब अंबेडकर का संविधान- सब कुछ भयंकर खतरे में हैं। मैं दोहरा रहा हूं, यह हमारे जीवनकाल का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है।

# वायनाड में मतदान के बाद अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी, स्मृति ईरानी का बड़ा दावा



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री और अमेठी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने सोमवार को दावा किया कि राहुल गांधी 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान होने के बाद अमेठी आएंगे। स्मृति ने कहा कि राहुल लोगों को जातिवाद के नाम पर विभाजित करने के साथ ही मंदिर-मंदिर जाएंगे। स्मृति ईरानी ने 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से तत्कालीन सांसद और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

राहुल गांधी 2019 लोकसभा चुनाव में केरल की वायनाड सीट से चुनाव जीते थे और 2024 में भी वहां से चुनाव मैदान में हैं। वायनाड में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

स्मृति ईरानी ने सोमवार को भेंटुआ और भादर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा, "26 अप्रैल को वायनाड में मतदान होने के बाद राहुल गांधी अमेठी को परिवार बताने आएंगे और यहां समाज में जातिवाद की आग लगाने का काम करेंगे।"

केंद्रीय मंत्री ने इशारा किया कि 26 अप्रैल के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था पर वह अमेठी में मंदिर-मंदिर घूमते नजर आएंगे, जिससे सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।"

उन्होंने आरोप लगाया, "राहुल गांधी ने सम्राट साइकिल की जमीन हड़प रखी है, मैं पिछले 10 वर्षों से जमीन वापस करने के मामले को उठा रही हूं और मांग कर रही हूं लेकिन आज तक किसानों को उनकी जमीन राहुल गांधी ने वापस नहीं की।"

ईरानी ने तंज कसते हुए कहा, "जमीन हड़पने की बीमारी जीजा जी (राबर्ट वाद्रा) में ही नहीं है, साले साहब (राहुल गांधी) में भी है।" स्मृति ईरानी ने कहा, 'राहुल गांधी ने कभी भी अमेठी की बात को संसद में नहीं रखा। राहुल तो संसद से भी लापता रहते थे।' केन्द्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को बार-बार 'लापता सांसद' बताते हुए कहा कि वह 15 साल तक अमेठी के सांसद रहे, लेकिन अमेठी का कोई विकास नहीं हुआ। भाजपा ने ईरानी को अमेठी से तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है।

# इंसुलिन की मांग पर सीएम केजरीवाल को लगा झटका

## डॉक्टर के साथ रोज 15 मिनट वीसी की इजाजत वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर झटका दिया है। कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें केजरीवाल ने जेल अधिकारियों को इंसुलिन देने का निर्देश देने और शुगर लेवल के घटने-बढ़ने को लेकर रोज 15 मिनट के लिए डॉक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परामर्श देने की अनुमति की मांग की थी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने निर्देश दिया कि अरविंद केजरीवाल को उचित चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाना चाहिए। केजरीवाल को किसी विशेष परामर्श की आवश्यकता के मामले में जेल अधिकारी एम्स निदेशक द्वारा गठित एक मेडिकल बोर्ड को नियुक्त करेंगे, जिसमें एक एंडोक्रिनोलॉजिस्ट और एक मधुमेह विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### केजरीवाल ने जेल अधीक्षक को लिखी चिट्ठी

इससे पहले, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। सीएम केजरीवाल ने इस संबंध में तिहाड़ जेल अधीक्षक को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा, मैंने अखबार में तिहाड़ जेल प्रशासन का बयान पढ़ा। मुझे बयान पढ़कर दुख हुआ। तिहाड़ के दोनों बयान झूठे हैं। मैं रोज इंसुलिन मांग रहा हूं। मैंने ग्लूको मीटर की रीडिंग दिखाई और बताया कि दिन में तीन बार शुगर बहुत हाई जा रही है। शुगर 250 से 320 के बीच जाती है।

### इंसुलिन को लेकर मेडिकल बोर्ड लेगा निर्णय

उन्होंने कहा कि मेडिकल बोर्ड को यह तय करना है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दिया जाना चाहिए या नहीं। अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड एक निर्धारित आहार और एक एक्सरसाइज प्लान पर भी निर्णय लेगा, जिसका नियमित पालन किया जाना चाहिए। मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित आहार योजना में कोई बदलाव नहीं होगा।

### 19 अप्रैल को कोर्ट ने फैसला रखा था सुरक्षित

बता दें, सीएम केजरीवाल ने इंसुलिन देने और रोज 15 मिनट वीसी के जरिए डॉक्टरी परामर्श की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। 19 अप्रैल (शुक्रवार) को इस पर सुनवाई हुई और विशेष जज ने फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल के वकील ने कहा था कि केजरीवाल 22 वर्षों से मधुमेह से पीड़ित हैं और उन्हें रोज इंसुलिन की जरूरत होती है। वहीं ईडी का कहना था कि केजरीवाल ने बहुत पहले इंसुलिन लेना छोड़ दिया था।

# आज उनकी तो कल हमारी भी बारी, पीएम मोदी के बयान पर क्यों भड़के अकाली दल के नेता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर पहली बार भाजपा के पूर्व सहयोगी शिरोमणि अकाली दल (बादल) ने कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें पीएम ने कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में गई तो देश की संपत्ति को 'घुसपैठियों' और 'जिनके पास अधिक बच्चे हैं' के बीच बांट सकती है। इस पर अकाली दल के प्रवक्ता ने कहा है कि आज अगर उनकी (मुस्लिमों) बारी है, तो कल हमारी (सिखों) भी बारी आ सकती है।

पीएम मोदी के भाषण की एक क्लिप साझा करते हुए, SAD प्रवक्ता परमबंस सिंह रोमाना ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्लजहर और नफरत नई ऊंचाई पर। वैसे तो भारत एक संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य माना जाता है लेकिन हम सभी का दोष यह है कि हम अन्याय के बारे में तब सोचते हैं जब वह हमारे खिलाफ होता है। अगर आज उनकी बारी है तो कल हमारी भी बारी आ सकती है। यह शर्मनाक और बहुत परेशान करने वाला है!

इस बीच, पंजाब के पूर्व मंत्री और अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्री गुरु नानक देव जी ने हमें सभी इंसानों के साथ एक जैसा व्यवहार करने और सरबत दा भला कहकर सभी के लिए अच्छा करने और सोचने की शिक्षा दी है। पीएम मोदी ने कल कहा, उसने देश के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को कमजोर किया है जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। अकाली‌दल हमेशा अल्पसंख्यकों, पंजाब और पंजाबियत के लिए खड़ा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी जी क्या यही आपका 'सब का साथ, सबका विकास' है?"

मजीठिया ने लिखा, आपके बयान से बहुत शर्मिंदा हूं क्योंकि आप भारत के प्रधान मंत्री हैं और भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। मैं वोटों के ध्रुवीकरण के उद्देश्य से किए गए पीएम मोदी के इस आचरण की कड़ी निंदा करता हूं, जो यह दशार्ता है कि वह चुनाव हार रहे हैं।"

बता दें कि पीएम मोदी के बयान पर अकाली दल की ओर से पहली बार ऐसी ऐसी कड़ी प्रतिक्रिया आई है। इससे पहले, अकाली दल ने सिख कैदियों की रिहाई और किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी देने की मांग पूरा नहीं करने पर भाजपा की खिंचाई की थी। पिछले हफ्ते, मजीठिया ने खुलेआम मतदाताओं से कहा था कि वे भाजपा उम्मीदवारों को पंजाब के गांवों में घुसने न दें।

# बंगाल से बिहार और झारखंड में अगले 5 दिन लू का अलर्ट



**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कहीं तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है तो कहीं प्रचंड गर्मी और लू ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। मौसम विभाग ने अपने बुलेटिन में बताया कि अगले पांच दिन पूर्वी भारत में लू का प्रकोप जारी रहेगा। पश्चिम बंगाल, पूर्वी यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड में 25 अप्रैल तक लू की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, असम, मेघालय और मणिपुर में भारी बारिश की संभावना है। मध्य भारतीय हिस्से में गरज के साथ बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने अपने दैनिक बुलेटिन में जानकारी दी है कि असम और मेघालय, नगालैंड. मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश हुई है। इसके अलावा ओडिशा, कर्नाटक, गोवा में भी भारी बारिश देखी गई। तेलंगाना और मराठावाड़ में ओलावृष्टि हुई है। जबकि, गंगीय बंगाल में गर्मी और लू का कहर जारी है। इसके अलावा ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ और झारखंड में लू का प्रकोप जारी है। गंगीय बंगाल के कई हिस्सों में अगले पांच दिन और ओडिशा में 22 को लू की स्थिति बनी रहेगी।। अरुणाचल में 25 अप्रैल तक, असम, मेघालय, नगालैंड और मणिपुर में 23 अप्रैल तक भारी बारिश की संभावना है।

### इन राज्यों में लू का कहर

आईएमडी का कहना है कि पूर्वी यूपी, बिहार में अगले पांच दिन के दौरान, गंगीय बंगाल में 24 को और झारखंड में 25 अप्रैल को लू की स्थिति सबसे गंभीर रहेगी। मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ समेत देश के पूर्वी हिस्से में अलग-अलग हिस्सों में रातें गर्म रहेंगी और दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहेगा।

गौर हो कि पिछले 24 घंटे में मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, असम और मेघालय, केरल, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, विदर्भ, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में छिटपुट बारिश देखी गई है। असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हुई है।

### पश्चिमी यूपी समेत उत्तर भारत में मौसम

मौसम विभाग का कहना है कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की वर्षा और बर्फबारी के साथ गरज और बिजली चमकने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 22 से 23 और 26 से 28 अप्रैल तक ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं, पंजाब में 22, 23, 26 और 27 अप्रैल को, राजस्थान में 22 और 27 अप्रैल को, हरियाणा में 22 अप्रैल को और यूपी में 22, 23 और 26 अप्रैल को तेज हवाएं (30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार) चल सकती हैं।

**NAME CHANGED**

I have changd my name from Krishan Dutta Tyagi to Krishan Dutt Tyagi S/o Moolshanker Tyagi, R/o DC-101, Avantika, PS-Kavinagar, Ghaziabad for all future purposes.

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अजित कुमार सिंह व उसकी पत्नी गायत्री कुशवाहा व उनके पुत्र शिवांश को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रार्थी राम सागर सिंह पुत्र स्वर्गीय भृगुरासन निवासी वैशाली एंक्लेव गोविंदपुरी मोदीनगर गाजियाबाद।

**खोया पाया**

मैं, वेंकटा अनिल कुमार मोटामैरी पुत्र श्री एम एस राव निवासी फ्लैट नंबर A-1305, एस एम आर विनय गैलेक्सी, हुडी सर्कल, एम डी पुरा पोस्ट, बैंगलोर नॉर्थ, कर्नाटक, सर्व साधारण को सुचित करना चाहता हूँ की श्री वेंकटा अनिल कुमार मोटामैरी एवं श्रीमती एम लक्ष्मी के नाम पर A 704, Jyoti Super Gardenia, 2, Mall Road, Ahinsa Khand-II Indirapuram गाजियाबाद के possession letter फोटो स्टेट के लिए ले जाते समय वास्तव में खो गया है। जो की तलाश करने पर भी नही मिले।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...










## पावन गोयल ने रखा वीडियो जारी कर अपना पक्ष, कहा-

# जीतेगी भाजपा और मेरा नहीं है पत्र से कोई लेना-देना



गाजियाबाद, करंट क्राइम। जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने सोमवार को एक वीडियो जारी किया और उन्होंने उस पूरे मामले को लेकर अपना पक्ष रखा जिस मामले को लेकर गठबंधन उम्मीदवार ने प्रेस वार्ता की थी। पवन गोयल ने जारी वीडियो में कहा कि मुझे यह ज्ञात हुआ है कि गठबंधन कांग्रेस उम्मीदवार ने मेरा नाम लेकर हमारी पार्टी के उम्मीदवार अतुल गर्ग पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पवन गोयल ने कहा कि मैं इन आरोपों की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के उम्मीदवार अतुल गर्ग एक साफ छवि के व्यक्ति हैं और उन पर लगाये गये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। पवन गोयल ने कहा कि मेरा कोई पत्र अतुल गर्ग के खिलाफ नहीं है। जिस पत्र की बात हो रही है वह फर्जी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की उम्मीदवार पहले भी दो बार चुनाव हार चुकीं हैं और वह हार की बौखलाहट में ऐसा कह रहीं हैं। हमारा प्रत्याशी आठ से लाख वोट से चुनाव जीतेगा। पवन गोयल ने कहा कि उन पर जो आरोप लगाये गये हैं उसे लेकर वह विधिक राय ले रहे हैं और हो सकता है कि वह मानहानि का दावा भी करें।

### डॉली शर्मा ने प्रमोद तिवारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाये थे गंभीर आरोप

**करंट क्राइम।** रविवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी गाजियाबाद में डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार के लिए आये थे। इस दौरान प्रमोद तिवारी की प्रेस कान्फ्रेंस में गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी पर व्यक्तिगत रूप से गंभीर आरोप लगाये थे। इन आरोपों पर भाजपा नेता पवन गोयल का खुलकर नाम लिया था। जैसे ही ये मामला भाजपा संगठन के पास पहुंचा तो भाजपा नेता पवन गोयल ने खुद ही इस पूरे मामले पर अपना वीडियो बनाकर सफाई दी और डॉली शर्मा द्वारा लगाये गये आरोपों को निराधार बताते हुए इस पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया।

## विशेष प्रेक्षकों की अध्यक्षता में गाजियाबाद-12 लोकसभा की निर्वाचन बैठक सम्पन्न

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा, निष्पक्ष होगा चुनाव और बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

### सभी क्रिटिकल और सामान्य बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : पुलिस कमिश्नर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के संचालन और विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी.नायक, विशेष प्रेक्षक व्यय राजेश टुटेजा, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह की अध्यक्षता एवं प्रेक्षक सामान्य अरुण कुमार सिन्हा, प्रेक्षक व्यय सौरभ नायक, प्रेक्षक व्यय टी.अरिवाझगन व प्रेक्षक अनिल कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में गाजियाबाद-12 लोकसभा की सामान्य बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान विशेष प्रेक्षकों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से लोकसभा गाजियाबाद-12 के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी।



### प्रत्याशियों की उपस्थिति में कराया ईवीएम का प्रथम-द्वितीय रेंडमाइजेशन

**करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गाजियाबाद-12 में जिला गाजियाबाद की मोदीनगर विधानसभा बागपत-11 लोकसभा में आती है और हापुड़ विधानसभा का धौलाना क्षेत्र (आंशिक) गाजियाबाद-12 लोकसभा में आता है। कहा कि हमारी निर्वाचन टीम द्वारा ई.वी.एम. का प्रथम व द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रत्याशियों की उपस्थिति में कराया गया है और अब दिये गये समयानुसार तृतीय रेंडमाइजेशन की तैयारी है। इसके साथ ही पोलिंग पार्टी की रवानगी हेतु तीन स्थान चिह्नित हैं जिसकी पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं और मतगणना स्थल गोविन्दपुरम अनाज मण्डी है, जहां कि सभी व्यवस्थाओं का जायजा कई बार लिया जा चुका है। ट्रांसपोर्ट की पूरी व्यवस्था है, कार्मिकों की कमी होने पर कुछ हापुड़, बुलन्दशहर सहित नजदीकी क्षेत्रों से बुलाकर उनको प्रशिक्षण दे दिया गया है।

**गाजियाबाद में निर्वाचन कार्य सकुशल, शांति व सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें: विशेष प्रेक्षक**

### निर्वाचन कार्मिकों को दिया जा चुका है प्रशिक्षण



**करंट क्राइम।** निर्वाचन की सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। निर्वाचन कार्मिकों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। विशेष प्रेक्षकों द्वारा पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र से सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गयी, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि हमारे द्वारा सभी क्रिटिकल और सामान्य बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की पूर्ण तैयारियां हैं। इसके साथ ही गुण्डा एक्ट के वांछितों को पकड़ लिया गया है। निर्वाचन में किसी भी प्रकार की अशांति या अव्यवस्थाओं का माहौल नहीं बनेगा, इसके लिए हमारी पूर्ण तैयारियां हैं।

### तैयारियों से हम पूरी तरह आश्वस्त : विशेष प्रेक्षक

विशेष प्रेक्षकों ने विस्तार से जानकारी लेने के पश्चात कहा, दी गयी जानकारी व तैयारियों को देखते हुए हम आश्वस्त हैं कि गाजियाबाद में निर्वाचन कार्य सकुशल, शांति व सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न होना सुनिश्चित है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि गाजियाबाद में स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न होगा। साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर सहित सभी निर्वाचन प्रभारी/सह प्रभारी के साथ निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारीगण मौजूद रहे।



# फर्रुखनगर में आग ने मचाया तांडव, मकान में फंसे पति-पत्नी की मौत

### शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट नजर आ रहा है आग लगने का कारण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फर्रुखनगर के एक मकान में आग लग गई। आग लगने से मकान में रह रहे पति-पत्नी सोते समय उसमें फंस गए और आग लगने की सूचना पर जब दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे तो उन्हें झुलसी हुई अवस्था में अस्पताल ले जाया गया।

जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि टीलामोड़ के मकान में आग लग गई है।

पुलिस और दमकल जब मौके पर पहुंचे तो पूरे घर में आग लगी हुई थी। आग लगने का कारण शुरूआती जांच के बाद शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।



### पति -पत्नी की मौत से परिवार में छाया मातम

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पति का नाम शमसुद्दीन उम्र 57 साल और पत्नी का नाम समरजहां उम्र 55 साल थी। मौके पर पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुलाया और फायर ब्रिगेड की टीम ने भी इस पूरे मामले की जांच की है। शुरूआती जांच के बाद घर में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। एसीपी ने बताया है कि यह मकान शमसुद्दीन का था। शमसुद्दीन भी पटाखे बनाने का काम करता है और घर में दोनों के सिवा आग लगने के दौरान कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था।

### क्या घर में रखे पटाखे बने पति-पत्नी की मौत की वजह



करंट क्राइम : पुलिस की शुरूआती जांच बता रही है कि घर में लगभग 13000 रुपए की आतिशबाजी रखी हुई थी। दो दिन बाद शमसुद्दीन के भतीजे की शादी है। जिसके लिए वह पास के राहुल गुप्ता फायरक्रैकर्स के यहां से पटाखे लेकर आए थे। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के दौरान जब घर में आग लगी तो पटाखे भी विस्फोटक के रूप में बदल गए।



### मृतकों के बच्चे रहते हैं सहारनपुर

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक शमसुद्दीन के चार बेटे हैं। फरमान, गुलफान, गुलशन और अहद सहारनपुर में ही रहते हैं और आतिशबाजी के काम को देखते हैं।

# अतुल गर्ग ने जावली में की जनसभा मदन भैया ने किया स्वागत

### सभा में मनोज धामा, वसंत त्यागी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को गांव जावली में खतौली से विधायक मदन भैया के आवास पर गठबन्धन प्रत्याशी अतुल गर्ग ने जनसभा को संबोधित किया। सभा में मनोज धामा, वसंत त्यागी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जहां अतुल गर्ग ने कहा है कि बीते 10 वर्षों से देश में एनडीए की एक स्थिर सरकार है। जिसको लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कुछ महत्वपूर्ण बातें कही हैं। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को समाप्त कर दिया गया है।

वहीं 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। देश की मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक जैसी कुप्रथा से आजाद भी मिल गई है। वहीं पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता मिल रही है। इसीलिए भाजपा-एनडीए 400 पार जा रहे है। कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कसाना भी उपस्थित रहे। वहीं मदन भैया ने अुतल गर्ग का माला पहनाकर स्वागत करते हुए अतुल गर्ग को भारी मतों से विजयी बनाने की कार्यकर्ताओं से अपील की है।

## गाजियाबाद में दो दिन बंद रहेंगी बीयर, शराब व भंग की दुकानें




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान के तहत 24 से 26 अप्रैल तक शराब, बीयर की दुकानें बंद रहेंगी। दुकानों को बंद रखने के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले 24 अप्रैल सायं छह बजे से 26 अप्रैल सायं छह बजे तक या मतदान समाप्ति तक मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन बंद रहेगा।

जनपद की सभी देशी-विदेशी शराब की दुकानें, बीयर की दुकान, मॉडल शॉप, भांग की दुकान, होटल बार, बीयर बार, रेस्टोरेंट बार, सैनिक कैंटीन बंद रहेंगी।

**चार जून को भी रहेगा ड्राई डे :** करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होनी है। वहीं बता दें कि गाजियाबाद की गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में चार जून को मतगणना होगी। इस दिन भी सभी शराब, बीयर, भांग की दुकानें और बार बंद रहेंगी।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का किया तूफानी दौरा

### कांग्रेस प्रत्याशी ने मुख्य बाजार में भी किया रोड शो





### जनसंपर्क अभियान के दौरान जगह-जगह पर फूल बरसाकर किया गया डॉली शर्मा का स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने सोमवार को मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने सुबह से शाम तक अटोड़ नगला, दुहाई, भदौली, छज्जिपुरा, रेवड़ी-रेवड़ा, ढिडार, कुंहैड़ा, नवीपुर, सुल्तानपुर, शोभापुर, छेददा, कनौजा, चितौड़ा, समयपुर, हिसाली आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मुख्य बाजार में रोड शो भी किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान जगह जगह पर उनका स्वागत फूल बरसाकर किया गया।

### जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अत्याचार से परेशान : डॉली शर्मा

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि देशवासी आज विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जो हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व यानी पीएम मोदी की विफलता है। लोग महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अत्याचार से परेशान हैं। ऐसे लोगों को कांग्रेस की गारंटी से बहुत राहत मिलेगी। आप लोगों से गुजारिश है कि इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मुझे चुनिए, भारी बहुमत दीजिए, ताकि आपके क्षेत्र में विकास की गंगा बहा सकूं।



### नौकरी से कांट्रेक्ट सिस्टम किया जाएगा खत्म : कांग्रेस प्रत्याशी



करंट क्राइम। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की गारंटी से किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी जातियों के लोगों को फायदा मिलेगा। किसानों को खाद, बीज, बिजली, एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों से निजात दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के हित में नौकरी से कांट्रेक्ट सिस्टम को खत्म किया जाएगा। इस मौके पर संदीप शर्मा, रॉबिन, बल्ली, सचिन, राहुल, विवेक त्यागी, दीपक शर्मा, संजय, राजवीर प्रधान, देवेंद्र भारद्वाज, मनवीर चौधरी, कपिल चौधरी, अजय त्यागी-मुखिया, प्रमोद त्यागी, विनोद शर्मा, दिनेश त्यागी, गिरीश त्यागी, यजुवेंद्र, अरुण, नितिन त्यागी, दीपक, राहुल कौशिक, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, नितिन यादव आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# खामोश चुनाव के मायने

आम चुनाव, 2024 के प्रथम चरण का मतदान कई मायनों में अप्रत्याशित रहा है। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उप्र और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है।

दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले। यह चुनाव के प्रति उदासीनता है या मतदाताओं को चुनाव दिशाहीन, अर्थहीन लगते हैं? यह सोच लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ भी है। जितना मतदान किया गया है, वह न तो सरकार के खिलाफ माना जा सकता है और न ही विपक्ष को चुनने के प्रति उत्साही और उत्सुक लगता है। किसी भी तरफ लहर महसूस नहीं हुई। हमने मतदान के इस चरण को 'खामोश और भ्रमित चुनाव' माना है। इस चरण से पहले 38 फीसदी पात्र युवाओं ने ही निर्वाचन आयोग में अपना पंजीकरण कराया। बहरहाल अभी तो मतदान के छह और चरण शेष हैं। गर्मी का मौसम भी ज्यादा गर्म और लू वाला होना है। कई जगह मई में ही बारिश की शुरुआत हो सकती है, लिहाजा मौसम के कारण इतना मतदाता घर से न निकले, समझ में नहीं आता। लिहाजा बेरोजगारी, महंगाई, राम मंदिर सरीखे मुद्दे शांत से लगते रहे। क्या मतदान का यह ठंडापन यहीं समाप्त होगा, यह अहम सवाल है। नागालैंड में बड़े पैमाने पर चुनाव का बहिष्कार लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। इस राज्य की मांगों पर सहानुभूति के साथ विचार होना चाहिए था।

# 'भारत सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रख सकता है', एमपीसी सदस्य शशांक भिडे ने बताया कारण

**नई दिल्ली।** आरबीआई की एमपीसी के सदस्य शशांक भिडे ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी मदद मिलेगी। ऐसे में सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना भारत के लिए संभव लगता है।" भारत अपनी वृद्धि दर में बढ़त बरकरार रख सकता है।




रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना संभव है। हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर लगभग आठ प्रतिशत रहने की संभावना है। भिडे ने पीटीआई से बातचीत में कहा, "चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी मदद मिलेगी। ऐसे में सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना भारत के लिए संभव लगता है।" इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबी अवधि में खाद्य मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी। सजग करने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में पूछे जाने पर एमपीसी सदस्य ने कहा कि चिंता का एक क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तनाव का बढ़ना है। रूस-यूक्रेन के बीच जंग से पहले ही वैश्विक व्यापार पर दबाव था अब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से हालात और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक मांग में सुधार की गति धीमी है और आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान है। यदि मौजूदा भू-राजनीतिक संघर्षों को जल्द खत्म नहीं किया गया तो यह मांग के साथ लागत और कीमतों के मामले में भी बड़ी चुनौती पैदा करेगा।

उन्होंनें कहा कि उत्पादन पर मौसम की घटनाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने घरेलू मांग की स्थिति और बढ़ती कामकाजी उम्र की आबादी का हवाला देते हुए वर्ष 2024 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। यह पूछे जाने पर कि खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों का दीर्घकालिक समाधान क्या है, भिडे ने कहा कि हाल के वर्षों में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का एक पहलू सब्जियों जैसी जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं पर मौसम की स्थिति का प्रभाव है। हालांकि इस तरह की मूल्य वृद्धि अल्पकालिक हो सकती है, लेकिन फिर भी यह कीमतों पर महत्वपूर्ण असर डालता है।

# क्रेडिट कार्ड आपात स्थिति में मददगार, आसानी से दिलाता है कर्ज, किसी दस्तावेज की नहीं पड़ती जरूरत

**नई दिल्ली।** क्रेडिट कार्ड पर कर्ज पर्सनल लोन की तरह होता है। इसमें बैंक क्रेडिट कार्डधारक को कार्ड की लिमिट के अनुसार कर्ज देते हैं। इसके लिए किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होती है, जिससे कर्ज लेने की प्रक्रिया सरल हो जाती है। कई बैंक न सिर्फ मौजूदा बल्कि नए ग्राहकों को भी क्रेडिट कार्ड पर कर्ज देते हैं। क्रेडिट कार्ड आपात स्थिति में वित्तीय रूप से काफी मददगार साबित होता है। यह एक टूल है, जो खर्च करने के तरीके को सुविधाजनक और फायदेमंद बनाता है। रिवॉर्ड पाइंट और कैशबैक समेत अन्य लाभ एवं सुविधाएं प्रदान करने के अलावा क्रेडिट कार्ड जरूरत पड़ने पर आपको आसानी से कर्ज भी दिला सकता है। क्रेडिट कार्ड पर कर्ज पर्सनल लोन की तरह होता है।




इसमें बैंक क्रेडिट कार्डधारक को कार्ड की लिमिट के अनुसार कर्ज देते हैं। इसके लिए किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होती है, जिससे कर्ज लेने की प्रक्रिया सरल हो जाती है। कई बैंक न सिर्फ मौजूदा बल्कि नए ग्राहकों को भी क्रेडिट कार्ड पर कर्ज देते हैं।

**कितना मिल सकता है कर्ज :** कर्ज राशि क्रेडिट कार्ड की बची लिमिट पर निर्भर करती है। हालांकि, यह अलग-अलग क्रेडिट कार्ड और ऋणदाताओं के हिसाब से भिन्न हो सकती है। बची लिमिट के अनुसार ही बैंक आपको कर्ज देते हैं। अगर आपके क्रेडिट कार्ड की कुल लिमिट एक लाख रुपये है और आपने उसमें से 30,000 रुपये का इस्तेमाल कर लिया है तो बाकी बची 70,000 रुपये की लिमिट पर ही कर्ज मिलेगा।

**ब्याज दर व प्रोसेसिंग शुल्क :** क्रेडिट कार्ड कर्ज पर ब्याज दर पर्सनल लोन जितनी होती है। अगर पर्सनल लोन पर ब्याज दर 13 फीसदी है तो बैंक इसी दर पर क्रेडिट कार्ड कर्ज देंगे। कई बार ऐसे कर्ज पर अधिक ब्याज भी लगता है। यह काफी हद तक बैंक के नियम और शर्तों पर निर्भर करता है। क्रेडिट कार्ड पर कर्ज लेने के लिए आपको प्रोसेसिंग शुल्क का भी भुगतान करना पड़ता है। यह शुल्क कर्ज राशि का 3 फीसदी तक हो सकता है।

**पात्रता और भुगतान अवधि :** क्रेडिट कार्ड कर्ज को प्री-अप्रूव्ड लोन के रूप में पेश किया जाता है। कुछ बैंक आपकी भुगतान हिस्ट्री और खर्च करने की आदतों के आधार पर पात्रता का आकलन करते हैं। कर्ज की भुगतान अवधि आपके बैंक और क्रेडिट कार्ड के प्रकार पर निर्भर करती है।

# हांगकांग ने कुछ भारतीय मसालों की बिक्री पर लगाई रोक

## उत्पादों में कीटनाशक मिलने का दावा




**नई दिल्ली।** हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे। इन सैंपल्स की जांच में ही मसालों में कीटनाशक एथीलीन ऑक्साइड के होने का दावा किया गया।

हांगकांग की सरकार ने भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग की सरकार का दावा है कि जांच में इन मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। हांगकांग सरकार ने मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले सिंगापुर की सरकार ने भी भारतीय मसाला ब्रांड्स पर रोक लगा दी थी।

### हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

हांगकांग के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी विभाग ने बताया है कि कई मसाला उत्पादों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला पाया गया है। हांगकांग की सरकार ने लोगों से इन उत्पादों का सेवन नहीं करने की अपील की है और साथ ही इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन मसालों पर रोक लगाई गई है, उनमें एमडीएच का उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स मसाला पाउडर और करी पाउडर मिक्स मसाला और एवरेस्ट का उत्पाद फिश करी मसाला शामिल है। हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और तुरंत उन्हें दुकानों में बिक्री की जगह से हटाने के निर्देश के साथ ही पहले से मौजूद उत्पादों को वापस भेजने का निर्देश दिया था।

### सिंगापुर ने भी लगाया था बैन

हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे। इन सैंपल्स की जांच में ही इनमें कीटनाशक एथीलीन ऑक्साइड के होने का दावा किया गया। कैंसर पर रिसर्च करने वाली एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने बताया कि एथीलीन ऑक्साइड इंसानों में कैंसर का कारण बन सकता है।

हांगकांग की सरकार ने बताया है कि उनके निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 50 हजार डॉलर का जुमार्ना और छह महीने की जेल की सजा हो सकती है। हाल ही में सिंगापुर की फूड एजेंसी ने भी एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक होने का दावा करते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## राशिफल

**मेष :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृष :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी।

**मिथुन :** लेन-देन के कार्य सावधानीपूर्वक करें। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। रुका हुआ धन मिल सकता है।

**कर्क :** चोट व रोग से स्वास्थ्य पर व्यय हो सकता है। किसी दुष्ट व्यक्ति के प्रयास हानि पहुंचाने के हो सकते हैं। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी।

**सिंह :** किसी कार्य के प्रति चिंता हो सकती है। आशंका-कुशंका के चलते कार्यक्षमता प्रभावित प्रभावित हो सकती है। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**कन्या :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। किसी से बेवजह विवाद हो सकता है। नकारात्मकता में वृद्धि होगी। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

**तुला :** दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

**वृश्चिक :** भूमि-भवन व दुकान-फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। किसी बड़े सौदे से बड़ा लाभ हो सकता है।

**धनु :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। छोटी-मोटी यात्रा हो सकती है। विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मकर :** वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी समस्या में उलझ सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। नकारात्मकता में वृद्धि होगी। दु:खद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच्छा जागृत होगी।

**मीन :** बाहर से मेहमानों का आगमन हो सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नए संपर्क बनेंगे।

## चुटकुले

एक लड़का रेलवे में इंटरव्यू देने गया,
बॉस- अगर दो ट्रेन एक ही पटरी पर आमने सामने आ रहीं हो तो क्या करोगे,
लड़का- लाल झंडा दिखा दूंगा,
बॉस- अगर झंडा नहीं मिला तो,
लड़का- तो टॉर्च दिखा दूंगा,
बॉस- अगर टॉर्च भी न मिली तो?
लड़का- अपनी लाल शर्ट उतार कर दिखा दूंगा,
बॉस- और तुम्हारी शर्ट भी लाल ना हो तो?
लड़का- तो मैं अपनी बुआ के लड़के को फोन करके बुलाऊंगा
बॉस- वो क्यों?
लड़का- क्योंकि उसने कभी 2 ट्रेनों की टक्कर नहीं देखी।

---

किसी शादी में पंडित जी ने दूल्हे का हाथ दुल्हन के हाथ में थमा दिया।
एक बच्चा ये देख रहा था, उसने अपने पिता से पूछा - पिताजी दूल्हा और दुल्हन आपस में हाथ क्यों मिला रहे हैं ?
पिता ने उत्तर दिया - बेटा, पहलवान अखाड़े में उतरने से पहले हाथ जरूर मिलाते हैं !!

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक बार आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी भी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'जो टीमें पार्टी करती हैं, वे खिताब नहीं जीत सकी हैं', सुरेश रैना का बेंगलुरु-दिल्ली और पंजाब पर तंज

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना आईपीएल इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। रैना ने अपने आईपीएल करियर का अधिकांश समय सीएसके के साथ बिताया। उन्होंने इस टी20 लीग में सीएसके के साथ चार बार सफलता का स्वाद चखा है। चेन्नई की टीम हर संस्करण में मजबूत मानी जाती है। इसके अलावा टीम के अंदर शानदार प्रबंधन से खिलाड़ियों को काफी फायदा पहुंचता है। कई नियम लागू किए गए हैं, जिनमें से एक देर तक पार्टी नहीं करने का नियम शामिल है। आईपीएल में मौजूदा 10 टीमों में से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स ही पहले सीजन से खेल रही हैं और अब तक ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम 2022 में आईपीएल में शामिल हुई थी। रैना



ने एक इंटरव्यू में उन फ्रेंचाइजियों पर निशाना साधा जिन्होंने अभी तक आईपीएल नहीं जीता है। उन्होंने कहा कि केवल वही (लीग) टीमें लीग नहीं जीती हैं जिन्हें पार्टी करने की आदत है। रैना ने कहा, 'चेन्नई ने कभी अलग रुख नहीं अपनाया। यही कारण है कि वे सबसे सफल रहे हैं। पार्टी करने वाली दो तीन टीमें अभी तक आईपीएल नहीं जीत पाई हैं। हालांकि, जब उनसे साफ साफ पूछा गया कि क्या उनके कहने का मतलब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है? इस पर रैना ने कहा- नहीं, कुछ टीमें हैं जो नहीं जीती हैं। उन्होंने शानदार पार्टी की होगी। गांगुली ने कहा, 'हम (सीएसके) ऐसा नहीं कर पाए। यही कारण है कि हमारे पास पांच आईपीएल ट्रॉफी और दो चैंपियंस लीग ट्रॉफी हैं। मुंबई इंडियंस ने भी पांच ट्राफियां जीती हैं।

रैना ने कुछ फ्रेंचाइजी के मैनेजमेंट पर भी निशाना साधा जहां देर रात तक पार्टियां होती हैं। भारत के पूर्व स्टार ने यह कहने में संकोच नहीं किया कि इस तरह के ट्रेंड के साथ एक टीम आईपीएल कैसे जीत सकती है। उन्होंने कहा, 'अगर आप देर रात तक पार्टी करते हैं, तो आप सुबह कैसे खेलेंगे? वह भी मई-जून की गर्मी में? अगर आपने पूरी रात पार्टी की है तो आप दोपहर के खेल कैसे खेलेंगे? रैना ने कहा- 'सीएसके की पूरी टीम देर रात तक पार्टी नहीं करने के बारे में विशेष ध्यान रखती थी। हम भी भारत के लिए खेल रहे हैं, हमें चीजों का ध्यान रखना होता है। अगर मैं अच्छा नहीं खेलूंगा तो मेरा कप्तान मुझे क्यों चुनेगा। हालांकि, अब मैं मुक्त हूं, मैं रिटायर हो गया हूं। हम पार्टी कर सकते हैं।' आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में से एक रैना आईपीएल 2024 में कमेंटेटर के रूप में अपने करियर का आनंद ले रहे हैं।

# 'विराट और मुझे लगा कि गेंद कमर से ऊंची है', कप्तान डुप्लेसिस ने कोहली के आउट होने को बताया निराशाजनक

**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने रविवार को विराट कोहली को आउट देने के फैसले पर असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मानना है कि फुल टॉस गेंद कमर से ऊपर की ऊंचाई पर थी। कोहली कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुल टॉस गेंद पर आउट हुए। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। आईपीएल में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली ह्यहॉक-आई प्रणालीह्ल लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। डुप्लेसिस ने मैच के बाद कहा, 'यह निराशाजनक था, लेकिन नियम तो नियम हैं। विराट और मैंने सोचा कि गेंद कमर से ऊंची थी (कोहली के आउट होने के दौरान)। मुझे लगता है कि उन्होंने इसका आकलन पॉपिंग (बल्लेबाजी) क्रीज से किया। इस तरह की स्थिति में एक टीम सोचती है कि यह नो बॉल है तो दूसरी टीम की सोच अलग होती है। कई बार खेल इसी तरह चलता है।

कोहली शॉट खेलते समय क्रीज से बाहर थे और गेंद उनके कमर से ऊपर थी, लेकिन वह नीचे की तरफ आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली के कमर की ऊंचाई (1.04 मीटर) से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली के कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया। कोहली हालांकि इस फैसले से सहमत नहीं दिखे उन्होंने गुस्से जैसी प्रतिक्रिया के साथ मैदानी अंपायर से बात की। मैदान से बाहर निकलने के बाद भी उनके चेहरे पर निराशा देखी जा सकती थी।





### क्या वाकई आउट थे कोहली?

कोहली के आउट होने को लेकर सोशल मीडिया पर मिक्स्ड रिएक्शन देखने मिले हैं। कुछ फैंस का कहना है कि अंपायर ने गलत फैसला दिया है और कोहली नॉटआउट थे, जबकि कुछ यूजर्स का कहना है कि कोहली क्रीज से बाहर निकल चुके थे इसलिए अंपायर का फैसला सही है। हालांकि, कमेंट्री के दौरान कमेंटेटरों ने भी कहा कि कोहली क्रीज से थोड़ा आगे थे।

# डी गुकेश की सफलता पर पीएम मोदी ने दी बधाई, देश-विदेश से भी मिल रही बधाइयां

**नई दिल्ली।** टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूनामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पीएम मोदी ने दी बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भावी विश्व चैंपियन बताया है। बता दें कि, गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से आखिरी दौर में ड्रॉ खेलकर टूनामेंट जीता और 17 वर्ष की उम्र में सबसे युवा विश्व चैलेंजर भी बन गए। वह यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा कि, टोरंटो में हुए टूनार्मेंट में गुकेश की शानदार



उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। वहीं विश्वनाथनआनंद ने एक्स पर लिखा कि, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा कि, क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैम्पियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो। इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश के खिलाफ पहला मुकाबला खेलने के बाद ही उन्हें पता चल गया था कि अपार प्रतिभा का धनी यह खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित करेगा। उन्होंने लिखा कि, गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई। क्या शानदार टूनार्मेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैम्पियन। पूर्व विश्व चैम्पियन और रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक ने लिखा , ''गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिये खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है। महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रही भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने लिखा , डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रामाचंद्रन रमेश ने कहा युवा डी गुकेश को कैंडिडेट्स टूनार्मेंट जीतने पर बधाई। प्रेरक प्रदर्शन। पूरे देश को तुम पर गर्व है।

## शतरंज में गुकेश ने रचा इतिहास, 17 साल की उम्र में तोड़ा 40 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** टोरंटो में चल रही कैंडिडेट्स शतरज टूनार्मेंट में भारत की 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने इतिहास रच दिया है।

वह वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए हैं, साथ ही उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी धस्त कर डाला। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। वर्ल्ड चैंपियनशिप के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूनार्मेंट में उनके 14 में से 9 अंक रहे। अब वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये चुनौती दी थी।

# पंजाब किंग्स की हार के बाद करन पर फूटा सहवाग का गुस्सा, कह डाली ये बड़ी बात

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के स्टैंड-इन कप्तान सैम करने की जमकर आलोचना की है। सहवाग ने यहां तक कह दिया कि वह करन को अपनी टीम में भी नहीं रखते। पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। करन ने इस मैच में 19 गेंदों पर 20 रन बनाए और दो ओवर में 18 रन देकर एक विकेट झटके।

### फॉर्म में नहीं दिख रहे हैं करन

सहवाग करन के प्रदर्शन से काफी निराश हैं और उनका कहना है कि जो खिलाड़ी बल्ले और गेंद से ज्यादा योगदान नहीं दे सकता वो अपनी टीम की मदद नहीं कर सकता है। सहवाग ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को बल्ले या फिर गेंद से टीम की जीत में योगदान देना होता है, लेकिन इंग्लैंड का यह ऑलराउंडर इस सीजन ऐसा करने में सक्षम नहीं दिख रहा है। सहवाग ने कहा, मैं करन को बल्लेबाजी या गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर टीम में नहीं चुनता क्योंकि यह ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी काम के नहीं है और सिर्फ थोड़ी बल्लेबाजी और गेंदबाजी ही कर पाते हैं। आप बल्लेबाजी या गेंदबाजी से बेहतर करके ही टीम को मैच जीता सकते हैं।



### इस सीजन कैसा रहा है कर करन का प्रदर्शन?

करन पिछले दो मैचों में टीम के लिए ओपनिंग करने आ रहे हैं, लेकिन पंजाब को तेज शुरूआत नहीं दिला पा रहे हैं। टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले करन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और 63 रनों की पारी खेली थी। हालांकि इसके बाद से ही करन बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आईपीएल 2024 के आठ मैचों में अब तक करन ने सिर्फ 153 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका औसत 19 का रहा है। पिछले सीजन करन ने 27.60 के औसत से 276 रन बनाए थे। पंजाब का सामना अब शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। पंजाब की टीम फिलहाल तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है।

# राजस्थान से बदला लेने उतरेगी मुंबई की पलटन, बुमराह-बटलर और बोल्ट-रोहित के बीच होगी टक्कर

**जयपुर।** आईपीएल 2024 के 38वें मैच में आज जब मुंबई इंडियंस की टीम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होगी। दोनों टीमों के बीच हुई पिछली भिड़ंत में राजस्थान ने मुंबई को उसके घर में छह विकेट से हराया था। पिछले चार मैच में तीन जीत से कप्तान हार्दिक पांड्या की टीम मुंबई उबरने की राह पर चल रही है, जबकि राजस्थान की टीम के 12 अंक हैं। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान टीम की अगुआई संजू सैमसन कर रहे हैं। वहीं, मुंबई की टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

### दोनों टीमों के आंकड़े

दोनों टीमों के आंकड़े की बात करें तो राजस्थान और मुंबई के बीच अब तक आईपीएल में कुल 29 मैच खेले गए हैं। इनमें से राजस्थान ने 13 और मुंबई ने 15 मैच जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है। वहीं, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दोनों के बीच सात मुकाबले हुए हैं। पांच मैच राजस्थान और दो मैच मुंबई ने जीते हैं। इस वेन्यू पर मुंबई को पिछली जीत मई 2012 में मिली थी।

### बुमराह पर टिकी होंगी निगाहें

पांच बार की चैंपियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके। भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने नई गेंद से चमकदार प्रदर्शन किया और ज्यादा रन लुटाए बिना ही ये विकेट हासिल किए। बुमराह 13 विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं तो वहीं उनके साथी गेंदबाज ऐसा करने में जूझ



रहे हैं। गेराल्ड कोएत्जी ने भी 12 विकेट लेकर प्रभावित किया है, लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा रन लुटाए हैं। श्रेयस गोपाल ने अभी तीन मैच खेले हैं और प्रत्येक में एक-एक विकेट झटका है। मुंबई को अपने अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी के बतौर गेंदबाज अनुभव का इस्तेमाल करने की जरूरत है। आज के मैच में दो शतक लगा चुके राजस्थान के जोस बटलर और बुमराह के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। वहीं, ट्रेंट बोल्ट और रोहित शर्मा के बीच भी मजेदार भिड़ंत होगी।

### निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे किशन

बल्लेबाजी में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का शानदार शतक सुर्खियों में रहा है, लेकिन इसके बावजूद टीम हार गई थी। वहीं, ईशान किशन भी निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। हार्दिक ने भी अभी तक प्रभावित नहीं किया है जबकि तिलक वर्मा ने इन सबकी तुलना में अच्छा किया है। मुंबई के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीज सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी 53 गेंद में 78 रन की पारी मुंबई के लिए अहम रही और अगर वह लय में आ जाएं तो किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। राजस्थान के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा।

### अश्विन ने अब तक लीग में किया निराश

आवेश को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है, लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल 12 विकेट के साथ राजस्थान के गेंदबाजी विभाग के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, हालांकि अश्विन जूझते दिखे हैं और उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। राजस्थान के लिए रियान पराग उनके सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। असम के इस युवा बल्लेबाज ने अभी तक 318 रन बना लिए हैं जिससे टीम को काफी मदद मिल रही है। टीम की बल्लेबाजी उनके इर्द-गिर्द घूमती रही है। कप्तान संजू सैमसन ने भी टीम के लिए कुछ उपयोगी पारियां खेली हैं और अभी 276 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर ने अकेले दम पर कोलकाता के खिलाफ अंतिम मैच में 200 से ज्यादा रन का स्कोर हासिल कर राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाई थी। लेकिन साथी सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे। शिमरोन हेतमायर भी जरूरत के समय अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# अब डुप्लेसिस और सैम करन ने कर दी बड़ी गलती, आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगाया गया जुमार्ना

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है, जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान पर उनके संबंधित अपराधों के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है।

सोमवार को आईपीएल ने इसकी पुष्टि की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान डुप्लेसिस पर रविवार को ईडन गार्डेन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डेन्स में मैच नंबर 36 के दौरान आरसीबी की रोमांचक एक रन की हार के बाद धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुमार्ना लगाया गया। कोलकाता के खिलाफ हार मौजूदा सीजन में आरसीबी की सातवीं हार थी। यह आरसीबी का सीजन का पहला स्लो ओवर-रेट अपराध था। इसलिए बस जुमार्ना के साथ छोड़ दिया गया।

वहीं, पंजाब के अस्थाई कप्तान सैम करन पर आईपीएल की आचार





संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। करन ने रविवार को मुल्लांपुर में पंजाब की गुजरात टाइटंस से तीन विकेट की हार के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाई थी। आईपीएल ने कहा कि सैम करन ने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी द्वारा लगाए गए जुमार्ने को भी स्वीकार कर लिया है।

आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। पंजाब की टीम लगातार चौथा मैच हार गई। अब वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार, अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पाच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं। इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है। रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।



### आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे वॉर्नर

वॉर्नर दो प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने कहा कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वह आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे और अगले साल फिर इस टूनार्मेंट के लिए भारत लौटेंगे। वॉर्नर ने कहा, मेरे लिए परिवार के साथ समय बिताना जरूरी है, लेकिन मैं आईपीएल और बिग बैश को प्राथमिकता दूंगा। मैं कमेंट्री भी करूंगा। मैं न्यू साउथ वेल्स भी जा सकता हूं जिससे युवा खिलाड़ियों की मदद कर सकूं। ऐसी कई चीजें हैं जो मैं कर सकता हूं।

# बाबर आजम ने टी20 में बनाया रिकॉर्ड, इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान फिंच को पीछे छोड़ा

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान इतिहास रच दिया। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 37 रनों की पारी खेली। बाबर टी20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया को अपनी कप्तानी में 2021 में टी20 विश्व कप दिलाने वाले आरोन फिंच को पीछे छोड़ दिया है।

### न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

न्यूजीलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबर और सईम आयूब ने पहले विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। पाकिस्तान ने 20 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने मार्क चैपमैन के 42 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 87 रन के दम पर 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांच मैचों की यह सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था, जबकि दूसरे मैच में पाकिस्तान ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला गुरुवार को लाहौर में खेला जाएगा।

### बाबर आजम ने बनाया रिकॉर्ड

पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ भले ही हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम के कप्तान बाबर रिकॉर्ड बनाने में सफल रहे। टी20 प्रारूप में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बाबर आजम सभी से आगे निकल गए हैं। उन्होंने इस मामले में आरोन फिंच को पीछे छोड़ा, जबकि इस लिस्ट में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली भी शामिल हैं।

### शाहीन अफरीदी की जगह दोबारा मिली थी कमान

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में शाहीन अफरीदी की जगह एक बार फिर से बाबर आजम को सीमित ओवरों की कमान सौंपी थी। लंबे समय तक पाकिस्तान की कमान संभालने वाले बाबर आजम ने पिछले साल सभी प्रारूपों से टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था। पाकिस्तान का पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था जिस कारण बाबर को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। पीसीबी ने इसके बाद टीम में काफी परिवर्तन किए थे और टेस्ट टीम की कमान शान मसूद को सौंप दी थी। मसूद के नेतृत्व में पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। टी20 की कमान बाबर आजम और वनडे टीम की जिम्मेदारी मोहम्मद रिजवान को दी गई थी। अफरीदी ने सिर्फ एक दौरे पर राष्ट्रीय टीम की कमान संभाली थी और वहां टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद पीसीबी ने बाबर पर ही दोबारा भरोसा जताया था।



# राष्ट्र विरोधी ताकतें नहीं चाहती मोदी बनें प्रधानमंत्री



**गाजियाबाद।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा राष्ट्रविरोधी ताकतें नहीं चाहती हैं कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनें। यह निर्णय आपको करना है कि देश को राष्ट्रविरोधी ताकतों के हाथों में देना है या राष्ट्रनिर्माण और देश का गौरव बढ़ाने वाले नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। राजनीतिक विश्लेषक भी मान चुके हैं कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। विपक्ष विदेशी ताकतों के इशारे पर चुनाव लड़ रहा है। नरेंद्र मोदी के निर्देशन में देश में आए बदलाव को आप लोग स्वयं देख रहे हैं। अगर देश को आगे ले जाना चाहते हैं तो आपको निर्णय लेना होगा। धामी लोहियानगर के हिंदी भवन में जिला एवं महानगर उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए वोट मांगने आए थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिकता संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला पहला राज्य बना है। गंगोत्री की गोद से निकलने वाले पवित्र गंगाजल की तरह ही यूसीसी की हुई शुरूआत भी जल्द ही देश के सभी राज्यों में लागू होगी। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों को साधते हुए कहा कि किसी भी तरह का उद्योग लगाने के लिए उनके लिए हमेशा उत्तराखंड के दरवाजे खुले हैं। धामी ने कहा कि 3.80 लाख करोड़ रुपये निवेश के एमओयू साइन होने के बाद 80 हजार करोड़ रुपये का व्यवसाय साकार भी हो चुका है।

### स्वागत में शामिल नहीं हुए पूर्व राज्यसभा सदस्य

मंच पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री धामी का व्यापारियों ने स्वागत में माल्यार्पण और प्रतीक चिह्न दे रहे थे। मंच पर मौजूद पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल अपनी कुर्सी से भी नहीं उठे। एक पदाधिकारी ने उनके पास आकर कहा भी लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया। यह बात हिंदी भवन में मौजूद लोगों में चर्चा का विषय भी बनी रही।

### एक वोट से तीन को मिलेगी मजबूती

पुष्कर धामी ने कहा कि आपके एक वोट से तीन लोगों को मजबूती मिलेगी। स्थानीय प्रत्याशी के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नरेंद्र मोदी की ताकत बढ़ेगी। पूरे देश में एक ही चर्चा है कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। ऐसे में एक वोट की ताकत को पहचानें और अधिक से अधिक संख्या में बूथ तक पहुंचकर मतदान करें।

### विरोधी के पक्ष में पड़ने वाला नहीं हुआ मतदान

पहले चरण में पांच फीसदी कम हुए मतदान पर उन्होंने कहा कि देश में भाजपा के जीत की पूरी लहर बन चुकी है। ऐसे में गठबंधन के पक्ष में मतदान करने वाले बूथ पर नहीं पहुंच रहे हैं, इस कारण से मतदान का फीसदी कम हुआ है। धामी ने कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों से कहा कि वह अकेले नहीं बल्कि उनके पास लोगों का एक जनसमूह है, इसलिए स्वयं मतदान करने के साथ ही जनसमूह को भी मतदान के लिए जागरूक करें। मतदान में कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं लगे, जिससे कि अभी तक हुए चुनाव का रिकार्ड टूट सके। गाजियाबाद में रह रहे उत्तराखंड के लोगों से भी अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर व्यापार मंडल की तरफ से गोपीचंद प्रधान, अशोक चावला, राजदेव त्यागी, सुनील गोयल, बृजमोहन सिंघल, पंकज शर्मा, नरेश अग्रवाल, धनेश सिंघल, मनोज गर्ग, पंकज गुप्ता, राकेश स्वामी, राकेश बवेजा सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## भगवंतपुर वन ब्लॉक में हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

**हापुड़।** सामाजिक संगठन लोक भारती और वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गढ़ क्षेत्र के भगवंतपुर वन ब्लॉक में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लोक भारती के जिला पर्यावरण प्रमुख एवं पूर्व रेंजर अशोक चौधरी और मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरणविद् भारत भूषण गर्ग ने भाग लिया। भारत भूषण गर्ग ने कहा कि आज के ही दिन 1970 को अमेरिका में पर्यावरण प्रेमियों ने बढ़ती हुई जनसंख्या के परिणाम स्वरूप प्रकृति को होने वाले नुकसान की चिंता करने के लिए एक सम्मेलन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 22 अप्रैल का दिन विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में 197 देशों में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष की सनातन संस्कृति में धरती को मां के रूप में पूजा जाता है, लेकिन इसमें भी कोई संदेह नहीं है की बढ़ती जनसंख्या का दबाव और मनुष्य का लालच आवश्यकता से कहीं अधिक प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहा है।

# गत्ता फैक्टरी में लगी आग, 20 दमकल की गाड़ियों से पाया काबू

**लोनी।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित गत्ता फैक्टरी में रविवार दोपहर करीब एक बजे अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग बुझाई। करीब 20 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। फैक्टरी की तीनों मंजिल में आग लगने से करोड़ों का नुकसान बताया जा रहा है। खाली प्लॉट में उग रही घास में आग लगने से फैक्टरी में आग पहुंची। दिल्ली में वीरपाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनकी ट्रॉनिका सिटी सेक्टर-1 में गत्ता फैक्टरी है। फैक्टरी तीन मंजिला है। रविवार दोपहर अचानक फैक्टरी में आग लग गई। कर्मचारी समय रहते फैक्टरी से बाहर आ गए। उन्होंने दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल



विभाग की टीम मौके पर पहुंची। साहिबाबाद, कोतवाली समेत अन्य फायर स्टेशनों से पानी के टैंकर मंगवाए। फैक्टरी मालिक वीरपाल ने बताया कि उनके पड़ोस में एक खाली प्लॉट है। खाली प्लॉट में घास उगी हुई थी। किसी ने घास में आग लगा दी। घास में लगी आग फैक्टरी तक पहुंच गई। उन्होंने खाली प्लाट मालिक पर घास में आग लगना बताया है। वीरपाल ने बताया कि आग लगने से 20 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग लगने के सही कारणों का पता किया जा रहा है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गौ तस्करों ने पुलिस पर की फायरिंग : मुठभेड़ में एक के पैर में लगी गोली, दूसरा हुआ फरार



**हापुड़।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस की गौ तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक गो तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस की एक टीम आरोपी के फरार साथी की तलाश में जुटी है। देर रात दतैडी गांव वाली रोड से दो गौकशी करने वाले बदमाश गौकशी करने की फिराक में घूम रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आर-के इंजनियरिंग कॉलेज के पास चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। एक बाईक जिस पर दो व्यक्ति आ रहे थे, पुलिस ने बाईक पर आने वाले व्यक्तियों को टार्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया तो वह नहीं रुके और तेजी से परतापुर पैट्रोल पम्प की तरफ को भागने लगे। बाईक सवार दोनो व्यक्ति आर-के इंजनियरिंग कालेज के पीछे की तरफ से परतापुर जाने वाले खडंजे पर मुड़ गए। लेकिन भागने की स्थिति ना देखकर कॉलेज के पीछे खाली मैदान में बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग दी। इसी बीच उनकी बाईक गिर गयी और दोनो बदमाश भागने लगे। पुलिस नें जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों पर फायर किया, जिसमें एक गोली बदमाश के पैर में लगी। जिसे पुलिस नें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। वही दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

### पुलिस का बयान

पिलखुवा सर्किल के डीएसपी जितेंद्र शर्मा नें बताया कि पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में बदमाश नें अपना नाम सलमान जिला बुलंदशहर बताया है। घायल बदमाश पर जनपद हापुड़, बुलंदशहर में चोरी, लूट, अवैध हथियार सहित आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# खेत में पड़ा मिला व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के गांव को लोधीपुर के जंगल स्थित खेत में 45 वर्षीय व्यक्ति का समय मिलने से सनसनी फैल गई। अंदेशा है की हत्या के बाद व्यक्ति के शव को फेंका गया है। मृतक का



एक पैर कटा हुआ मिला है। शरीर पर चोट के निशान भी है। मृतक की पहचान कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने बताया कि सोमवार सुबह गांव लोधीपुर के कुछ ग्रामीण क्षेत्र में काम करने पहुंचे। वहां उन्होंने एक खेत में 45 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना आग तरह क्षेत्र में फैल गई। जिसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मामले की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने मृतक की शिनाख्त गांव लोधीपुर के चरण के रूप में की है। इसके बाद पुलिस ने मृतक के स्वजन को सूचित किया। मामले की जानकारी पर स्वजन भी मौके पर पहुंच गए और शव से लिपटकर विलाप करने लगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जल्दी वारदात का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

# बारात में हुआ विवाद तो कर दी अंधाधुंध फायरिंग, दो को लगी गोली; आठ घायल

**हापुड़।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव गालंद से ततारपुर एनटीपीसी गई बारात में गांव के ही दो पक्षों में विवाद हो गया। गांव में वापस आने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें आठ लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस दौरान फायरिंग हुई और दो युवकों को गोली भी लगी है। सभी घायलों का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव गालंद से एक बारात एनटीपीसी के गांव ततारपुर गए थे।

बारात के दो पक्षों के युवकों में ध्वनि यंत्र पर डांस को लेकर विवाद हो गया था, लेकिन मौके पर मौजूद बड़े बुजुर्गों ने समय पर विवाद सुलझा लिया। जब सभी ग्रामीण देर



### तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज

आरोप है कि इस दौरान फायरिंग भी हुई है। इसमें दो युवकों को गोली लगी है जबकि कुल आठ लोग घायल हुए हैं। इस मामले में कोतवाली प्रभारी अखिलेश कुमार त्रिपाठी का कहना है एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। फायरिंग की जानकारी भी मिली है। जांच की जा रही है। नियम अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

रात को वापस गांव लौटे तो गांव आने पर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज होने लगी। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले।

## युवक ने कार में बंधक बनाकर बनाया अश्लील वीडियो

**हापुड़।** सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव की बीएससी की छात्रा को एक युवक ने जबरन कार में बैठाया और नशीला पदार्थ सुंघाया। इसके बाद अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर वापस गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दरअसल, थाना सिम्भावली क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी क्षेत्र में स्थित एक कॉलेज में पढ़ाई करती है। आरोप है कि तीन माह पहले उसकी बेटी घर से ऑटो में सवार होकर कॉलेज जा रही थी, इसी बीच बुलंदशहर जिले के स्थाना क्षेत्र के गांव बीहटा का युवक कार से आया और छात्रा को बहाने से कार के पास बुला लिया। आरोप है कि बेटी को कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया और उसकी बेटी बेहोश हो गई, युवक बेहोशी की हालत में उसे कहीं ले गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटी के साथ गलत व्यवहार किया गया, जिसकी जानकारी बेटी ने अब दी है। उसने बताया कि आरोपी युवक ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बनाए थे, जो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता आ रहा है।




## खाकी वालों को भी आ रहे हैं प्रत्याशियों वाले फोन कॉल



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लोकसभा चुनावी सीन चल रहा है। लोकसभा में जीतने के लिए हर प्रत्याशी अपनी जुगत लगा रहा है। ऐसे में कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने दावा किया है कि कमिश्नरेट के पुलिसकर्मियों के पास भी अलग-अलग नंबरों से प्रत्याशियों की चुनावी फोन कॉल आ रही है। मामला एक दिन पुराना बताया जा रहा है कवि वाले नगर के मैदान में हाथी वाली मैडम का कार्यक्रम था। इस दौरान यातायात वाले एक थ्री-स्टार की यहां ड्यूटी थी जहां पर वो मौजूद थे। इसी बीच उनके पास भगवा दल वालों के प्रत्याशी की टेलीफोन रिकॉर्डिंग कॉल आ गइ। जिस पर एक प्रत्याशी वोट की अपील कर रहे थे, तो अंदर जनसभा की तैयारी चल रही थी। इसी के साथ कई और थानाक्षेत्रों का भी हाल ऐसा ही बताया जा रहा है। जहां पुलिसकर्मियों को भी प्रत्याशियों वाली रिकॉर्ड फोन कॉल आ रही हैं। उधर पुलिस के खुफिया सूत्र बता रहे हैं कि एक एसीपी स्तर तो कई चौकियों के पुराने वाले प्रभारियों के फोन पर भी कॉल भी आ रही हैं। बता दें कि इन दिनों कई प्रत्याशियों की कंप्यूटर कॉल वोट अपील आ रही हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में काफी खाकी वालों ने वैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जा रहा है, पर सुनने में आ रहा है कि अधिकांश पुलिस वालों ने अभी तक वोट देने वाला काम नहीं किया है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी यह मिली है कि सिटी में कमिश्नरेट वाले साहब ने अर्धसैनिक बलों और बाहर से आए फोर्स के शीर्ष अधिकारियों के साथ 26 की प्लानिंग को लेकर बैठक कर ली है। बैठक में साफ संकेत और कहां-कहां ज्यादा मुस्तैदी रखनी है, इसको लेकर पॉइंट-टू- पॉइंट बातें भी बता दी गई हैं। उधर कमिश्न रेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक से दो दिन में कमिश्नरेट के हर जोन और हर सर्किल में पुलिस के सायरन की आवाज गूंजनी शुरू हो जाएगी। वहीं कमिश्नरेट में अब प्रतिदिन मतदान तक फ्लैग मार्च निकालकर चुनावी माहौल बनाया जाएगा। तो वहीं अर्ध सैनिक बलों को भी पूरी मुस्तैदी के साथ कमान संभालने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसी के साथ चुनावी ड्यूटी के लिए गाड़ियों को एकत्रित करने वाला काम भी शुरू हो गया है। तो वहीं रोडवेज की बसों से लेकर एसयूवी गाड़ियां तक अधिकारियों के निर्देश पर ली जा रही हैं। कुल मिलाकर खाकी वालों तक भी वोट करने की चुनावी अपील जोरों पर हो रही है।

# आभूषण कारोबारी से मांगी दो करोड़ की फिरौती

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र के मुकुंदनगर में आभूषण कारोबारी से दो करोड़ की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। धमकी भरा पत्र कारोबारी के कर्मचारी को मिला है, जिसमें रकम न देने पर परिवार के सदस्यों की हत्या करने की बात लिखी




है। इस घटना के बाद कारोबारी का परिवार सहमा हुआ है। मामले में कारोबारी ने सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी जल्द घटना के खुलासे की बात कह रहे हैं। कारोबारी भुवन गोयल ने बताया कि उनका कार्यालय मुकुंदनगर में है। कार्यालय के ऊपर तीन चार कर्मचारी रहते हैं। एक कर्मचारी को 19 अप्रैल की सुबह 10 बजे उनके पिता को संबोधित एक धमकी भरा पत्र मिला। जब उनके पिता राजेश गोयल पहुंचे तो कर्मचारी ने उनको पत्र दिया। पत्र में लिखा था कि 20 अप्रैल की रात साढ़े दस बजे तक मेरठ रोड मेट्रो पिलर नंबर 543 के नीचे दो करोड़ रुपये पहुंच जाएं। ऐसा नहीं किया तो उनके परिवार के सभी सदस्यों की एक एक करके हत्या कर दी जाएगी। मामले में उन्होंने सिहानी गेट थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस बारे में एसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है। जो कर्मचारी कार्यालय के पहले तल पर रहते हैं, उनसे भी पूछताछ की जा रही है। पत्र की लेखन शैली की जांच कराई जाएगी। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कारोबारी की थाने से 900मी दूर गोली मारकर हत्या, हादसा मानकर अस्पताल ले गई पुलिस



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाने से करीब 900 मीटर की दूरी पर फरीदाबाद के कारोबारी भगवान (38) की कमर में गोली मारकर हत्या कर दी। वह लोनी में अपने रुपये लेने आए थे। उनको कॉल कर बुलाया था। परिजनों ने अज्ञात बदमाशों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। फरीदाबाद में भगवान पत्नी संध्या और चार बच्चों के साथ रहते थे। वह फरीदाबाद में बिजली (डेकोरेशन) का काम करते थे। उनके भाई मंगल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह उनका भाई घर से लोनी रुपये लेने के लिए गया था। भगवान ने दिल्ली के प्रगति मैदान में एक कार्यक्रम में लाइट लगाई थी। उस कार्यक्रम के रुपये बकाया थे। शनिवार सुबह भगवान को कॉल कर लोनी बुलाया था। उन्हें लोनी में करीब पांच लाख रुपये लेने थे। वह बाइक से लोनी आए। जिस व्यक्ति से रुपये लेने थे। उसके ऑफिस में बैठे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे भगवान का फोन घर पर आया था कि सुबह नौ बजे से बैठे हैं लेकिन व्यक्ति रुपये लेकर नहीं आया है। इसके बाद भगवान का फोन नहीं आया। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे लोनी पुलिस ने मंगल सिंह को फोन कर भगवान के एक्सीडेंट होने की जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन लोनी दो नंबर स्थित अस्पताल में पहुंचे। यहां आकर पता चला कि भगवान की कमर में गोली मार कर हत्या की गई है। भगवान की मौत की खबर सुनने के बाद परिवार में मातम पसर गया। संध्या ने अज्ञात बदमाशों पर गोली मारकर हत्या करने की तहरीर पुलिस को दी। मंगल सिंह ने बताया कि हत्या से कुछ दिनों पहले भगवान की रुपयों को लेकर किसी व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। उन्हें आशंका है कि पैसों के विवाद में उनके भाई की हत्या की गई है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की नजदीक है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

### पुलिस एक्सीडेंट मानकर अस्पताल ले गई

शनिवार दोपहर ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की अंसल कॉलोनी में एक व्यक्ति सड़क पर पड़ा था। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को तब तक नहीं पता चला कि भगवान को गोली मारी है। एक्सीडेंट मानकर पुलिस लोनी दो नंबर स्थित अस्पताल में ले आई। कुछ देर बाद भगवान के शरीर को चेक किया गया, तो कमर पर गोली के निशान मिले।

## टेंट हाउस और लाखों रुपये का सजावटी सामान जला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-12 स्थित क्रिस्टल बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लग गई है देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे सजावटी सामान जलकर खाक हो गया। इसके अलावा, टेंट हाउस की सामग्री है। सूचना पर पहुंची दमकल करीब 7 गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### फर्नीचर की दुकानों में लगी आग

गाजियाबाद में थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में गौड़ बस स्टैंड के पास फर्नीचर की चार दुकानों में भीषण आग लग गई। आग की लपटें तेजी से घनी आबादी और पास ही मौजूद पेट्रोल पंप की तरफ बढ़ने लगी। गनीमत रही कि समय से पहुंची दमकल का चार गाड़ियों ने पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पा लिया। आग से दुकानों में रखा फर्नीचर का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# जनपद में 8152 कर्मचारी कराएंगे मतदान

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में 8152 कर्मचारी तैनात रहेंगे। पोलिंग पार्टी भेजे से पहले सभी कर्मचारियों को फूल मंडी में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। चुनाव ड्यूटी से गैरहाजिर रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन मिश्रा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में मतदान के लिए 1852 पोलिंग बूथों पर 8152 कर्मचारी तैनात होंगे। इनमें 2038 पीठासीन अधिकारी होंगे। चुनाव कराने के लिए 2038 पोलिंग पार्टियां बनाई जाएंगी। 25 अप्रैल को सुबह 7 बजे चुनाव ड्यूटी के लिए कर्मचारी नोएडा में फूल मंडी पहुंचेंगे। फूल मंडी से ही उन्हें मतदान कराने के लिए रवाना किया जाएगा। दादरी, जेवर और नोएडा में उपजिलाधिकारी के अधीन अतिरिक्त कर्मचारी रहेंगे। जरूरत के मुताबिक उनको तैनात किया जा सकेगा। इनके अलावा 1500 कर्मचारी चुनाव की व्यवस्था बनाने में रहेंगे। इस बार चुनाव ड्यूटी में लगने वाले कर्मचारियों को मिलने वाले भत्ते की राशि उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में गैरहाजिर रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हालत में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव से ड्यूटी कटवाने के लिए अभी भी कर्मचारी आ रहे हैं। जबकि जिन कर्मचारियों के बच्चे छोटे हैं, या महिला कर्मचारी गर्भवती या बीमारी की दिक्कतों को देखते हुए करीब 250 कर्मचारियों की ड्यूटी काटी जा चुकी है। अब किसी भी हालत में चुनाव डयूटी नहीं काटी जा सकती है।



### पुलिस बल ने निकाला फ्लैग मार्च

मतदान को शांतिपूर्वक कराने के लिए सोमवार को ग्रेटर नोएडा के कॉमर्शियल बेल्ट, अल्फा-1, अल्फा-2, बीटा समेत कई सेक्टरों में पुलिस बल के साथ फ्लैग पैदल मार्च निकाला गया। मौके पर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और 26 तारीख को मतदान करने की अपील भी की गई।

# लोनी में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**लोनी।** हनुमान जन्मोत्सव पर हिंदू रक्षा दल द्वारा लोनी में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शोभायात्रा में सुंदर झांकियां, ढोल-नगाड़े, डीजे के साथ लोग आए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चारों थानों की पुलिस फोर्स के साथ ही बाहर से भी फोर्स बुलाई गई थी। पुलिसकर्मी शोभायात्रा के मार्ग पर जगह-जगह तैनात रहे। शोभायात्रा में पूजा कॉलोनी, नाईपुरा, गिरी मार्केट, बलराम नगर, इंद्रापुरी समेत अन्य कॉलोनियों से लोग सुंदर झांकियां लेकर लोनी दो नंबर पर एकत्रित हुए। यहां से यात्रा लोनी तिराहे पर पहुंची। लोनी तिराहे पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यात्रा में उज्जैन मध्य प्रदेश से बुलाए गए कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। हनुमानजी की झांकी, कृत्रिम भगवा बादल बनाए गए। यात्रा में आए लोगों पर पुष्प वर्षा की गई। लोगों ने रास्तों में भंडारे, मीठे पानी और फल वितरण किए। शोभायात्रा के दौरान कई जगह



रूट भी डायवर्ट किए गए, जिसकी वजह से सड़कों पर वाहनों की गति धीमी रही। मुख्य अतिथि के रूप में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भैया, जय भगवान गोयल, हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन रहे। कार्यक्रम के आयोजक अमित प्रजापति ने बताया कि विजयोत्सव यात्रा का सीधा संदेश है कि 500 वर्षों के कठिन प्रयास व अनेकों बलिदान देने के बाद श्री रामलला का भव्य मंदिर निर्माण हुआ है। उन्होंने मांग की है कि भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कराना है और हिंदुत्व को मजबूत करना है। पिंकी भैया ने कहा कि हिंदू राष्ट्र की मांग के साथ साथ सभी कार्यकताओं को सदैव सनातन के लिए खड़ा होना है। यात्रा में दिल्ली एनसीआर (नोएडा, बुलंदशहर, उत्तराखंड, बदायूं, मेरठ, उत्तराखंड, दिल्ली आदि सभी स्थानों से सैकड़ों लोग आए। इस मौके पर संजीव जंगाला, नितिन प्रजापति, अविनाश वर्मा, अंकित कुशवाहा, हिमांशु वर्मा, सुरेंद्र, सुधीर बघेल, श्रवण चंदेल, दीपक पीलवान, सुमित सूद, विनोद प्रजापति, सौराज सैन, सन्नी राठौर, सुरेश, मनीष, गौरव धनकड़, सतेंद्र माथुर, विनय, अमित समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुबई के बाद चीन में 100 साल की सबसे भयावह बाढ़ का अलर्ट

## नदी खतरे के निशान से 12 फीट ऊपर, लाखों की जान खतरे में

**बीजिंग।** यूएई और ओमान समेत कुछ खाड़ी देशों ने बीते हफ्ते भारी बारिश और बाढ़ का सामना किया है। दुनिया के अहम शहरों मे से एक दुबई में एक दिन में ही एक साल के बराबर बारिश हुई, जिससे जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। यूएई के बाद चीन भी भारी बारिश और बाढ़ का सामना कर रहा है। दक्षिणी चीन में भूस्खलन के बाद और ज्यादा भीषण बाढ़ का अंदेशा है। चीन की ये बाढ़ कितनी भयावह है, इसका अंदाजा इस बात ये लगाया जा सकता है कि मौसम के जानकारों इसे सदी में केवल एक बार आने वाली भीषण बाढ़ कह रहे हैं। 12 करोड़ से ज्यादा की आबादी इस मूसलाधार बारिश और बाढ़ से प्रभावित हैं। इस बारिश के बाद इलाके की प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और इसके 19 फीट तक बढ़ने की संभावना है।



चीन से सामने आई तस्वीरों में सड़कों और शहरों में पानी भरा हुआ दिख दे रहा है। हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा है। चीन के सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी ने कहा कि हांगकांग के पास 127 मिलियन लोगों की आबादी वाले गुआंगडोंग क्षेत्र में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है। मौसम में तजी से आए बदलाव के बाद चीन के राष्ट्रीय मौसम कार्यालय ने निवासियों को सोमवार और मंगलवार को बड़े तूफान की चेतावनी जारी की है, जिससे बाढ़ भयावह रूप ले सकती है।

'ये दर्द मेरे साथ हमेशा रहेगा'

# इस्राइल के खुफिया विभाग चीफ ने पद छोड़ा

**तेल अवीव।** हमास के इस्राइल पर हमले को अपनी असफलता मानते हुए इस्राइली सेना के खुफिया विभाग के प्रमुख मेजर जनरल अहारोन हलिवा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मेजर जनरल हलिवा ने हमास के हमले को न रोक पाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए पद छोड़ दिया। गौरतलब है कि इस्राइल में हमास हमले के बाद यह शीर्ष स्तर पर पहला इस्तीफा है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई अन्य शीर्ष अधिकारी और नेता भी इस्तीफा दे सकते हैं।




**हमास का हमला न रोक पाने की ली जिम्मेदारी :** हमास ने बीते साल 7 अक्तूबर को इस्राइल पर हमला बोला था। हमास के हमले में इस्राइल में 1200 लोगों की मौत हुई थी और 250 लोगों को हमास के आतंकियों ने बंधक बना लिया था। हमास के हमले के बाद ही इस्राइल ने गाजा पर हमला बोल दिया था और अब गाजा युद्ध को सात महीने का वक्त बीत चुका है। इस्राइल के हमलों से गाजा में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और वहां गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है। अपना पद छोड़ते हुए मेजर जनरल अहारोन हलिवा ने अपने इस्तीफे में लिखा कि 'मेरे नेतृत्व में खुफिया विभाग अपनी जिम्मेदारियों पर खरा नहीं उतरा। उस काले दिन का दर्द अभी भी मेरे साथ है और अब हमेशा मेरे साथ रहेगा।'

### इस्राइली सेना ने स्वीकार किया इस्तीफा

हमास के हमले के तुरंत बाद हलिवा ने हमले को रोक पाने में असफल रहने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली थी। हालांकि उस समय हलिवा ने इस्तीफा नहीं दिया था। मेजर जनरल हलिवा का इस्तीफा स्वीकार हो गया है और इस्राइली सेना के प्रमुख ने मेजरल जनरल हलिवा को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया।

# मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी की जीत के क्या हैं मायने?



**माले।** मालदीव में रविवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव में राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी पीपल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) को धमाकेदार जीत मिली है। राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी ने 93 सदस्यों वाली संसद में 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे।

खबर लिखे जाने तक 86 सीटों के नतीजे घोषित हो गए थे, जिनमें से 66 पर पीएनसी को जीत मिली है। यह सदन की दो तिहाई से ज्यादा सीटें हैं। राष्ट्रपति मुइज्ज को चीन समर्थक माना जाता है। यही वजह है कि पीएनसी की जीत को भारत के लिए झटका माना जा रहा है।

### क्या है इन नतीजों की अहमियत?

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते साल सर्वोच्च पद पर चुने गए थे। हालांकि मालदीव की संसद में उनकी पार्टी गठबंधन में थी और उनके पास बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद में विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) का दबदबा था। एमडीपी को भारत समर्थक माना जाता है। मालदीव की संसद मजलिस में एमडीपी का बहुमत होने की वजह से राष्ट्रपति मुइज्जू की कई नीतियां लागू नहीं हो सकी थीं। साथ ही एमडीपी के सदस्यों ने राष्ट्रपति मुइज्जू को उनके भारत विरोधी रवैये के लिए निशाने पर भी लिया था। ऐसे में रविवार को हुए संसदीय चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू की अग्निपरीक्षा जैसे थे। अब नतीजों से साफ है कि मुइज्जू की ताकत बढ़ेगी और इसका असर भारत के साथ मालदीव के रिश्तों पर भी पड़ सकता है।

मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। बीते साल राष्ट्रपति बनने के बाद वह मालदीव के कई बड़े प्रोजेक्ट चीन की कंपनियों को दे चुके हैं। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मुइज्जू ने चीन का दौरा भी किया और वहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले थे।

# पाक उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा

## नहीं चला इमरान खान का जादू



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।

### नवाज शरीफ की पार्टी का बढ़िया प्रदर्शन

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए।

वहीं पंजाब की 12 असेंबली सीटों, खैबर पख्तूनख्वा की दो और बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए गए। इन उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी ने दो नेशनल असेंबली की सीटों और 10 असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में पीएमएलएन के अलावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन वाली सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने हिस्सा लिया।

वहीं मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लाम ने उपचुनाव का बहिष्कार किया। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएलएन ने दो नेशनल असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है तो पीपीपी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने एक-एक सीट पर और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की।

# कुवैत में पहली बार शुरू हुआ हिंदी में रेडियो का प्रसारण, भारत ने की तारीफ

**कुवैत।** कुवैत में पहली बार हिंदी में रेडियो का प्रसारण शुरू हुआ है। वहां मौजूद भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने प्रत्येक रविवार को कुवैत रेडियो पर एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना की है। भारतीय दूतावास ने कहा कि कुवैत की तरफ से उठाया गया यह कदम दोनों देशों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाएगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए भारतीय दूतावास ने कहा, कुवैत में पहली बार हिंदी रेडियो प्रसारण की शुरूआत! भारतीय दूतावास 21 अप्रैल 2024 से प्रत्येक रविवार (साढ़े आठ से नौ बजे) कुवैत रेडियो पर एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर एक



हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना करता है। यह कदम भारत-कुवैत के रिश्तो को और मजबूत करेगा।

### कुवैत में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय

बता दें कि कुवैत में लगभग दस लाख भारतीय रहते हैं। इस लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। कुवैत में भारतीयों को पसंदीदा समुदाय माना जाता है। यहां इंजीनियर, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वैज्ञानिक, सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ, प्रबंधन सलाहकार, आर्किटेक्ट, तकनीशियन और नर्स जैसे पेशेवर के अलावा खुदरा व्यापारी और व्यवसायी भी रहते हैं।

लंबे समय से भारत, कुवैत का एक व्यापारिक भागीदार रहा है। 2021-2022 में दोनों देशों ने राजनायिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाई थी। 17 अप्रैल को कुवैत में भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका ने कुवैत के उप प्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ सऊद अल सबा से मुलाकात की थी। इस दौरान भारतीय राजदूत ने कुवैत द्वारा शुरू किए गए प्रवासी-अनुकूल उपायों की सराहना भी की थी। कुवैत में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी थी।

# तीन दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान पहुंचे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी अपने तीन दिवसीय यात्रा के लिए पाकिस्तान पहुंच चुके हैं। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद यहां किसी भी राष्ट्र प्रमुख की यह पहली यात्रा है। इस दौरे के दौरान ईरानी राष्ट्रपति पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरानी राष्ट्रपति का इस्लामाबाद हवाईअड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आवास मंत्री मियां रियाज हुसैन पीरजादा और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सर टीपू ने उनका स्वागत किया। मंत्रालय ने आगे बताया कि ईरानी राष्ट्रपति अपनी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तान आए हैं।

# बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन से लाखों इमारतों पर खतरा

## जमीन में धंस रहे बड़े-बड़े शहर




**बीजिंग।** नए शोध में पता चला है कि चीन के करीब आधे प्रमुख शहरों पर पानी की निकासी और शहरी इमारतों व बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन के कारण खतरा मंडरा रहा है।

जर्नल साइंस में छपे इस शोध में पाया गया कि बीजिंग और तियानजिन समेत चीनी शहर भूस्खलन के ह्यमध्यम से गंभीरह्न जोखिम में हैं। शोध में चीनी जमीन के धंसने की दर भी बताई गई। अध्ययन के मुताबिक, चीन की 45% शहरी भूमि प्रति वर्ष 3 मिलीमीटर से अधिक तेजी से धंस रही थी, जबकि 16% प्रति वर्ष 10 मिलीमीटर से अधिक की दर से धंस रही है।

अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने 2015 से 2022 की अवधि में 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले प्रत्येक चीनी शहर में भूमि धंसाव को मापा। उन्होंने जिन 82 शहरों की जांच की, उनमें से टीम ने पाया कि कुछ शहर तेजी से धंस रहे हैं।

छह में से एक शहर प्रति वर्ष 10 मिमी से अधिक तेजी से धंस रहा है। उन्होंने यह भी पाया कि शंघाई जहां लगातार डूब रहा है, वहीं बीजिंग वार्षिक रूप से 45 मिलीमीटर नीचे जा रहा है।

### खनन व शहरी परिवहन नेटवर्क भी एक कारण

वैज्ञानिकों ने धंसते शहरों व भूजल क्षति के बीच एक मजबूत संबंध भी पाया, जो परत में खाली छिद्र छोड़ देता है और ऊपर वजन के ढेर में सिमट जाता है। शोध के अनुसार, अन्य कारकों में शहरी परिवहन नेटवर्क, साथ ही हाइड्रोकार्बन निष्कर्षण और खनन शामिल हैं।

### ढांचे की अखंडता के लिए बड़ा खतरा

शोधकर्ताओं ने जोर देकर कहा, चीन के शहरों की गिरावट को संबोधित करने की कुंजी भूजल निकासी के दीर्घकालिक, निरंतर नियंत्रण में निहित हो सकती है।

ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय में जलवायु अनुकूलन के प्रोफेसर रॉबर्ट निकोल्स ने कहा, यह धंसाव इमारतों और बुनियादी ढांचे की संरचनात्मक अखंडता के लिए बड़ा खतरा है और बाढ़ के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है।

# वेस्ट बैंक के शरणार्थी कैंप पर इस्राइली सेना की कार्रवाई, 14 लोगों की मौत

**रामल्लाह (फलस्तीन) / तेल अवीव।** पश्चिम एशिया बीते लगभग सात महीने से युद्ध की विभीषिका झेल रहा है। अब तक सात अक्तूबर, 2023 से शुरू हुए हिंसक संघर्ष में अब तक 34 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा घटनाक्रम में इस्राइल ने फलस्तीनी क्षेत्र को निशाना बनाया, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक वेस्ट बैंक में शरणार्थी शिविर पर इस्राइली सेना के ऑपरेशन में 14 लोग मारे गए।सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय



ने कहा कि वेस्ट बैंक में नूर अल-शम्स शरणार्थी शिविर में इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के ऑपरेशन के दौरान कई लोगों की मौत हो गई।

**महिलाओं और बच्चों समेत कई लोगों की मौत :** इसके अलावा गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में एक घर पर शनिवार को इस्राइली हवाई हमले में नौ लोग मारे गए। मृतकों में छह बच्चे शामिल हैं। गाजा की नागरिक सुरक्षा के अनुसार, शुक्रवार देर रात हमले ने राफा शहर के पश्चिमी तेल सुल्तान इलाके में भी एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। अस्पताल के रिकॉर्ड के मुताबिक, 6 बच्चों, 2 महिलाओं व 1 पुरुष के शवों को राफा के अबू यूसुफ अल-नज्जर अस्पताल ले जाया गया।

# उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र में दागी एक बैलिस्टिक मिसाइल : दक्षिण कोरिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइल दागने की यह नयी घटना है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइल सोमवार को दागी गयी लेकिन उन्होंने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया कि मिसाइल कितनी दूरी तक गयी।

उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ जारी गतिरोध के बीच अपनी सैन्य क्षमताओं में विस्तार करते हुए हाल के महीनों में



हथियारों के परक्षीण की अपनी गति को और तेज कर दिया है। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को पश्चिमी तटीय इलाके में नयी विमान रोधी मिसाइल और शनिवार को बहुत बड़ी क्रूज मिसाइल का परीक्षण करने की घोषणा की थी। दक्षिण कोरियाई सेना ने सोमवार को कहा कि उसे इस बात के सबूत मिले हैं कि उत्तर कोरिया अपने दूसरे जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण की तैयारी में जुटा है, लेकिन ऐसे कोई संकेत नहीं हैं कि प्रक्षेपण होने वाला है।

# दिल्ली में जन्मे तरुण लंदन मेयर पद की दौड़ में शामिल

## पाकिस्तानी मूल के सादिक खान को देंगे चुनौती

**लंदन।** इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। इनका नाम है तरुण गुलाटी। दिल्ली में जन्मे तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

### निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं तरुण गुलाटी

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से




होने वाली है। उन्होंने सिटीबैंक और एचएसबीसी के साथ छह देशों में काम किया है। एचएसबीसी में वह एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक (आईएम) थे। तरुण गुलाटी ने कहा, मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए एक प्रमुख विकल्प बन सके। इसमें सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो।

मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। यहां लाभप्रदत्ता का मतलब सभी के लिए लाभ होगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। इसे अपने लंदन और अपने घर के लिए करें।

### इन नीतियों को खत्म करना चाहते हैं तरुण गुलाटी

लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण गुलाटी का प्रमुख एजेंडा है। सादिक खान की इन नीतियों में अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) शुल्क और लो ट्रैफिक नेबरहुड (एलटीएन) से जुड़ी उच्च लागत को खत्म करना शामिल है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय के अनुरूप होना चाहिए। तरुण गुलाटी ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं।

# बहुपक्षीय विकास बैंक में किए जा रहे सुधार के लिए संयुक्त राष्ट्र ने की भारत की तारीफ

**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा है कि बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार इस साल होने वाले भविष्य के सम्मेलन में अहम थीम रहेगा। इस साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान भविष्य के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भारत की जी20 अध्यक्षता में किए गए कामों की भी तारीफ की।

भारत की जी20 अध्यक्षता में बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था, जिसका सह-संयोजक एनके सिंह को बनाया गया था। एनके सिंह ने बीते हफ्ते संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय का दौरा किया और वहां संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। जिनमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के अलावा संयुक्त राष्ट्र के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल अमिना मोहम्मद और आर्थिक और सामाजिक मामलों के सेक्रेटरी जनरल



ली जानहुआ शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र नेतृत्व ने माना कि स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट में कई अहम सुझाव दिए गए हैं, जिनसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सुधार सुनिश्चित किए जा सकते हैं। इससे गरीबी से लड़ने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद मिलेगी। बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार से वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के बीच की खाई को पाटने में भी मदद मिलेगी। समूह की रिपोर्ट में निम्न और मध्यम आय वर्ग वाले देशों पर विशेष ध्यान देने की मांग की गई है, जहां विकास दर को बनाए रखने के लिए सतत बुनियादी ढांचे की जरूरत है।



# विश्व पृथ्वी दिवस पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया पौधारोपण

## धरा को प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ और सुंदर बनाने का दिया संदेश

### 'लाल बत्ती चालू, गाड़ी बंद' जन सहभागिता से निगम ने चलाया अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कवि नगर जोन अंतर्गत संत कबीर नगर पार्क में पौधारोपण किया गया। शहरवासियों को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जन-जन को धरा को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने की अपील की।

जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गाजियाबाद नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा 'लाल बत्ती चालू, गाड़ी बंद' अभियान भी चलाया। इस मौके पर डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी तथा शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।







### 'रेड लाइट ऑन, इंजन ऑफ' का दिया गया संदेश

**(करंट क्राइम)।** डॉ. अनुज द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार शहर में कई स्थानों पर प्लांटेशन किया गया। इसी के साथ-साथ पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा अन्य प्रदूषण से मुक्त बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया। कई रेड लाइट पर गाजियाबाद नगर निगम की टीम ने उपस्थित होकर रेड लाइट चालू होने पर इंजन बंद करने की अपील भी शहरवासियों से/ राहगीरों से की। नगर आयुक्त के नेतृत्व में कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा सफाई अभियान तथा स्वच्छता का संदेश दिया गया, जिसमें अर्थ एनजीओ द्वारा विशेषअभियान चलाते हुए वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### एक पौधा अवश्य लगाएं : नगर आयुक्त

**(करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर शहरवासियों को प्लांटेशन के प्रति जागरूक किया गया तथा एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने के साथ-साथ स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी जागरूक किया गया। नियमित सफाई अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार, जीरो वेस्ट कार्यक्रमों का आयोजन, जल संरक्षण, वायु गुणवत्ता सुधार हेतु अभियान व अन्य विशेष अभियानों के साथ पृथ्वी को सुरक्षित और सुंदर बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।




# भगवा कमांडर ने कराई पूर्व पार्षद की भाजपा परिवार में ज्वाईनिंग



### लोकसभा चुनाव में लगातार भाजपा कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम के साथ इलैक्शन को दे रहे मजबूती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवा कमांडर संजीव शर्मा लोकसभा चुनाव में लगातार भाजपा कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम के साथ इलैक्शन को मजबूती दे रहे हैं। उनके साथ पूर्व मेयर अशु वर्मा और अन्य सदस्य भी जुटे हैं। सोमवार को भाजपा महानगर कार्यालय पर पूर्व पार्षद श्रीमति कुसुम सिंह और पूर्व मंडल अध्यक्ष एसपी सिंह की भाजपा परिवार में वापसी हुई। उन्हें पुनः भाजपा परिवार में सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर अशु वर्मा, पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव, बॉबी त्यागी, सुशील गौतम, बिजेन्द्र चौहान पार्षद मुख्य रूप से मौजूद रहे और उन्होंने कुसुम सिंह तथा एसपी सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर चरणजीत, वासुदेव, नादिर अली, श्रीराम झा, केएन सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। भाजपा परिवार में शामिल होने के बाद कुसुम सिंह और एसपी सिंह ने भी संगठन के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# अध्यात्म ही राजनीति को देता है सही दिशा : अतुल गर्ग







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम कविनगर में सोमवार को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व शहर विधायक अतुल गर्ग ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। अतुल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा, अध्यात्म का राजनीति में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। जब-जब राजनीति अपने रास्ते से भटकती है, अध्यात्म उसको सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आध्यात्म के बिना राजनीति अधूरी है। सौभाग्यशाली हूं जो आश्रम आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर गणमान्य लोग रहे उपस्थित ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी सुतीश दीदी, ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी गुंजन दीदी, ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी देवना दीदी, ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी चंचल दीदी, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल महामंत्री नीरज त्यागी, मनोज सिंह, श्रीचंद चौहान, मुकेश शर्मा, संजीव गुप्ता, गगन अरोरा, किशोर कुमार, अनूप सिंह, आर सी शर्मा, डॉक्टर राकेश चावला, अशोक गोयल, परमेंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत गुप्ता, विजय कोरी, डॉ. अनिल बैंसला, चेतन भाई, अजय भाई, सुभाष भाई, प्रदीप भाई, कुमकुम बहन, राजेंद्र गुप्ता, अनामिका, यशराज, शिव राज, रजनी, मिथलेश, शान्ति माता, छाया बहन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मजबूत राष्ट्र के लिए भाजपा को वोट करें : हिमांशु मित्तल

इस अवसर पर पूर्व महापौर आशु वर्मा जी ने कहा, मेरे जीवन में जब-जब कठिनाई आई है आदरणीय दीदियों ने हमेशा उन कठिनाइयों को दूर किया है। मैं जीवन भर आश्रम का आभारी रहूंगा। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने सभी से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की। मजबूत राष्ट्र के लिए मोदी व भाजपा को वोट करें। मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा ने किया, ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी राजेश दीदी ने सभी का आभार प्रकट किया।

# पार्षद प्रीति जैन ने लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए मांगे वोट





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 99 वैभव खंड मे पार्षद प्रीति जैन पूर्व पार्षद अभिनव जैन के नेतृत्व में कार्यकताओं के साथ भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए वोट मांगे। ओर भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए आम्रपाली रॉयल,विंडसर पार्क,एस पी एस रेसीडेंसी,कृष्णा अपरा सफायर सोसाइटीज में डोर टू डोर जनसंपर्क तथा सभाएं और अपील की।

इस मौके पर पार्षद प्रीति जैन, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, रजनी गुप्ता, एस के निगम, सुधीर पाल आर्या, कपिल अरोड़ा, एम सी सक्सेना,आर के छाबड़ा, बृजेश कुमार, मृदुला, मिस्टर कपूर, सौरभ प्रसाद, दीपिका साहू,दीप्ति माहेश्वरी, नेहा गुप्ता, आदि लोगों के साथ मिलकर पर्चियां वितरण तथा जनसंपर्क किया। निवासियों से संपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की ।पहले मतदान फिर जलपान तथा प्रातः ही अपना मतदान करने के बारे में चर्चा करी। लोगों में भारी उत्साह दिखा निवासियों ने अपने दरवाजे पर मैं हूं। मोदी परिवार का स्टीकर लगाया तथा खुद एवं आस पड़ोस एवं मित्रों से मतदान करवाने का संकल्प लिया।

# अप्रैल में तपा रही जून सी गर्मी, पड़ रहे लू के थपेड़े



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** तेज धूप व लू के थपेड़ों के साथ बढ़ती गर्मी अप्रैल माह में जून की गर्मी का एहसास करा रही है। सुबह से ही तेज धूप में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। रविवार को हल्के बादल भी तेज धूप में बेअसर रहे। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन ऐसे ही गर्मी की मार झेलनी पड़ेगी। इस साल अप्रैल माह में गर्मी काफी ज्यादा पड़ रही है। सुबह से ही तेज धूप के साथ गर्म हवा चलने लगती है। जिससे गर्मी का एहसास ज्यादा होता है। दोपहर में लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है।

अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज रविवार को जो लोग काम से घर से बाहर निकलते हैं वह भी धूप व गर्म हवा से बचाव करते दिखे। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा अधिकतम 13 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। वातावरण में आर्द्रता 24 प्रतिशत दर्ज की गई।

मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को भी तेज धूप व गर्म हवा का सामना करना पड़ेगा। दो दिन गर्मी ज्यादा महसूस हो सकती है। तापमान में एक दो डिग्री सेल्सियस बढोतरी होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

हवा की रफ्तार बढ़ने के साथ अधिकतम 14 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी। वातावरण में आर्द्रता 24 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# पहले करे मतदान , फिर जलपान : सुनील शर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के पर्ल ग्रीन फार्म हाउस में केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अतुल गर्ग के लिए वोट मांगे। कहा पहले मतदान, फिर जलपान करे। साथ ही अतुल गर्ग के लिए वोट भी मांगे। इस दौरान प्रत्याशी अतुल गर्ग, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी, अनिल शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस सपा गठबंधन लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार में अब उनके परिवार और गांव के लोग भी आ गए हैं। प्रह्लाद गढ़ी गांव में आयोजित एक चुनावी सभा में डॉली शर्मा के पिता और कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने चुनाव प्रचार किया। इस सभा को पूर्व ग्राम प्रधान इंद्रपाल प्रधान, सिराजुद्दीन सैफी ने भी संबोधित किया तथा कांग्रेस सपा गठबंधन की लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा के लिए वोट मांगे।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद ने तीन दिवसीय 'अन्डर-19 इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2024' का किया आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद में तीन दिवसीय 'अन्डर-19 इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2024' का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन तथा टग-आफ-वार खेलों में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ आदि प्रतिष्ठित स्कूलों के 900 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

चैम्पियनशिप-2024 के सभी फाइनल मैच शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, गौतमबुद्धनगर में आयोजित किये गये।









### खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है : बबीता नागर


**(करंट क्राइम)।** क्रिकेट में नोएडा एजुकेशन ऐकेडमी, वॉलीबॉल में डी.डी.पी.एस गाजियाबाद, बैडमिंटन में इन्दिरापुरम पब्लिक स्कूल, फुटबाल में हाईटैक वर्ल्ड स्कूल, टग-आफ-वार में सिल्वर साइन स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल करने में कामयाब रहे। वही द्वितीय स्थान पर क्रिकेट में के.डी.पी. स्कूल, वॉलीबॉल में सिल्वर शाइन स्कूल गाजियाबाद, बैडमिंटन में आई.पी.एस इन्दिरापुरम, फुटबाल में रियान इंटरनेशनल स्कूल, टग आफ वार में लीलावती पब्लिक स्कूल कामयाब रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि बबीता नागर (दीदी) गोल्ड मैडलिस्ट अन्तराष्ट्रीय पुलिस प्रतियोगिता ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसके माध्यम से व्यवहार में भाई-चारे की भावना तथा सकारात्मक सोच पैदा होती है।

### प्रतियोगिता के आयोजन में गणमान्य लोग उपस्थित रहे

इस अवसर पर एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के माननीय कुलाधिपति प्रोफेसर आर.के. खंडेल, कुलपति प्रोफेसर शक्ति कुमार और उप कुलपति पीयूष श्रीवास्तव, (आई. पी. एस.) आई.जी. उत्तर प्रदेश पुलिस (रिटायर्ड), अकाउंटेंट सुभाष शर्मा, डा. विभा सिंह, डा. अनु बहैल, अमित त्यागी, मनीष एवं अन्य मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन डायरेक्टर स्कूल ऑफ एजुकेशन अवधेश प्रताप सिंह, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, चीफ प्रॉक्टर संदीप सिंह, डॉ. भरत प्रताप सिंह श्री रिंकू सिंह ने किया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये प्यार है ये परिवार है और ये संस्कार है। प्राची और करुण ने अपनी प्रथम मैरिज एनिवर्सरी भोलेबाबा की नगरी उज्जैन में मनाई। प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ पर प्राची और करुण ने सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का आशीर्वाद मांगा। एक संदेश आज के युवाओं को दिया कि प्यार में भी संस्कार होते हैं, हर खुशी में परिवार को लेकर चलो और अपने ईष्ट की शरण में रहोगे तो अभीष्ट सिद्ध अपनेआप हो जाते हैं। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।